


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ




वर्ष 06, अंक 90 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये रायपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024 www.samaydarshan.in




# बेमेतरा में सड़क हादसा, 9 की मौत: खड़े ट्रक में जा घुसी पिकअप





### मरने वालों में 5 महिलाएं और 4 बच्चों में 2 जुड़वा बहनें

**बेमेतरा (समय दर्शन)।** बेमेतरा में देर रात एक पिकअप खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में 9 लोगों की मौके पर मौत हो गई है। इनमें 5 महिलाएं और 4 बच्चों में 2 जुड़वा बहनें शामिल हैं। 23 से ज्यादा लोग घायल हैं, 4 घायलों को रायपुर एम्स में भर्ती किया गया है। इनमें से एक की हालत गंभीर है। हादसा बेमेतरा थाना क्षेत्र के कठिया गांव में हुआ। सीएम साय ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतक परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

जानकारी के अनुसार करीब 35 से ज्यादा लोग पिकअप में सवार होकर सिमगा के पास ग्राम तिरैया में छठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लौटते वक्त रात करीब 2.30 बजे सामने से आ रहे वाहन की लाइट के कारण पिकअप चालक को सड़क पर खड़ा ट्रक नजर नहीं आया और हादसा हो गया। सभी पथर्रा गांव के रहने वाले हैं।

### जिला अस्पताल पहुंचे एसपी, कलेक्टर

घटना की जानकारी मिलते ही बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा, स्क्क रामकृष्ण साहू और विधायक दीपेश साहू जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल जाना और 4 गंभीर घायलों को रायपुर एम्स भेजा। इनमें से एक की हालत गंभीर है। उसके सिर पर चोटें हैं, जबकि अन्य 3 के शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं।

पुलिस ने बताया कि 11 घायलों को बेमेतरा जिला अस्पताल लाया गया। अघनिया बाई ( 62), मधु साहू (35), खुशबू साहू (7) टिकेश्वरी निषाद (5) और ट्विंकल निषाद (5) दो जुड़वा बहनों की लाश को सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया है। ये जानकारी सिमगा टीआई गोपाल धुर्वे ने दी है।



### कठिया ग्राम में दुर्घटना में घायलों से कुशलक्षेम पूछने पहुँचे राजेन्द्र साहू

बेमेतरा जिले के कठिया ग्राम में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी जिसमे चार बच्चों एवं पांच महिलाओं की मौत घटना स्थल पर हो गई एवं ग्यारह लोग गम्भीर रूप से घायल है जिनमे कुछ को बेमेतरा जिला अस्पताल में भर्ती किया है कुछ को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भेजा गया है। इस दर्दनाक हादसे पूरा छत्तीसगढ़ में मातम छा गया है। खबर मिलते ही दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहु एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी एवं भिलाई नगर निगम की प्रथम महापौर सुश्री नीता लोधी जिला बेमेतरा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशी पटेल बेमेतरा जिला अस्पताल पहुँचकर घायलो का कुशलक्षेम पूछा और घटना देर रात ढाई बजे की बताई जा रही है एवं गाड़ी में करीब 50 लोग सवार थे। इस दर्दनाक हादसे पर दुख जताते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसी प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा यह बहुत दुखदाई घटना है भगवान मृतकों के परिजनों को दुख सहने की सहनशक्ति प्रदान करे।

## पीएम मोदी पर 6 साल बैन की मांग वाली याचिका खारिज

### चुनाव आयोग को आदेश नहीं दे सकते- होई कोर्ट



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है. याचिकाकर्ता ने पीएम मोदी पर उत्तर प्रदेश में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते समय आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था. एडवोकेट आनंद एस जोंधले द्वारा दायर याचिका में प्रधानमंत्री को छह साल की अवधि के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की मांग की गई थी.

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता 'पहले ही मान बैठा है' कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है. सुप्रीम कोर्ट किसी भी शिकायत पर विशेष दृष्टिकोण अपनाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश जारी नहीं कर सकता. अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले ही चुनाव आयोग से संपर्क कर चुका है और आयोग उसकी शिकायत पर स्वतंत्र विचार कर सकता है. चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वकील सिद्धांत कुमार द्वारा दी गई दलील में कहा गया है कि शिकायत का संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाएगी और इस संबंध में जरूरी आदेश पारित किए जाएंगे.

### याचिकाकर्ता ने क्क्रमोदी पर क्या आरोप लगाए थे?

आनंद ने अपनी याचिका में कहा था कि पीएम मोदी ने 6 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के पीलभीत में एक चुनावी रैली के दौरान हिंदू देवताओं और सिख गुरुओं का जिक्र किया था. प्रधानमंत्री मोदी ने पीलभीत से भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद के समर्थन में रैली के दौरान कहा था, 'उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करके राम लला का अपमान किया. समारोह में शामिल होने वाले उनकी पार्टी के लोगों को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया. इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों ने हमेशा अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से नफ्रत की है.' उन्होंने आगे कहा था कि इंडिया गुट ने 'शक्ति' को नष्ट करने का फैसला किया है. पीएम मोदी ने राहुल गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कहा था, 'जिस शक्ति की पूजा आज पूरे देश में हो रही है, उसका कांग्रेस ने अपमान किया है. कोई भी शक्ति का उपासक कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगा.' दरअसल, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के मौके पर 17 मार्च 2024 को मुंबई के शिवाजी पार्क में कांग्रेस ने रैली का आयोजन किया था.

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की नहीं होगी सीबीआई जांच

### 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने पर रोक नहीं

### सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी। हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफजांच करने के आदेश दिए गए थे।

ब्याज सहित वापस करना होगा वेतन

हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

### ममता बनर्जी ने कहा- हाईकोर्ट का फैसला अवैध है

ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।



## सरकार बनी तो आर्थिक सर्वे कराएगी कांग्रेस, गुजरात में बोले राहुल गांधी

**पाटण (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनती है तो वह प्राथमिकता के आधार पर पूरे देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी। राहुल गांधी उत्तर गुजरात के पाटण शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी एससी, एसटी और ओबीसी की है लेकिन उनको कॉरपोरेट, मीडिया, निजी अस्पताल, निजी विश्वविद्यालयों या सरकारी नौकरशाही में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर संविधान बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ एनडीए आरक्षण के खिलाफ है। राहुल ने कहा- आरक्षण का मतलब है गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की न्यायपूर्ण भागीदारी है। नरेन्द्र मोदी निजीकरण को हथियार बना कर आपसे यह हक छीन लेना चाहते हैं। हम सत्ता में आने के बाद सबसे पहले जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे। राहुल पाटण लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार चंदनजी ठाकोर का चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान में 40 फीसदी धन पर केवल 1 फीसदी लोगों का अधिकार है। यह देश की सच्चाई है। फिर नरेन्द्र मोदी और क्क्षुक्क के लोग कहते हैं कि आरक्षण खत्म कर देंगे। अग्निवीर और निजीकरण जैसे काम आरक्षण को खत्म करने के तरीके हैं। मौजूदा वक्त में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक ओर कांग्रेस और ढ्ढह्यष्ठ्ठ गठबंधन है, जो संविधान को बचाने में लगे हैं।

## अमित शाह एडिटेड वीडियो केस- तेलंगाना सीएम को समन

### दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी को 1 मई को बुलाया, अपना मोबाइल साथ लाने को कहा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना ष्टरूरेवंत रेड्डी को समन जारी किया है। दिल्ली पुलिस रेवंत से 1 मई को पूछताछ करेगी। दिल्ली पुलिस ने रविवार (28 अप्रैल) को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी।

वायरल वीडियो में शाह एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी के फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है।

इस एडिटेड वीडियो को वायरल करने को लेकर एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने देशभर में एफआईआर दर्ज कराने का फैसला किया है। उधर, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर बताया कि इस मामले में असम से रीतोम सिंह को अरेस्ट किया गया है।

### हम उनसे डरने वाले नहीं, मुंहतोड़ जवाब देंगे-रेवंत रेड्डी

दिल्ली पुलिस के समन के बाद रेवंत रेड्डी ने कर्नाटक के कलबुर्गी में कहा- चुनाव जीतने के लिए अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग का इस्तेमाल करते थे। लेकिन अब मुझे पता चला है कि दिल्ली पुलिस भी तेलंगाना कांग्रेस के दफ्तर पर पहुंच गई है।

सोशल मीडिया पर किसी ने कुछ पोस्ट किया और वे लोग तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और तेलंगाना के सीएम को गिरफ्तार करने चले आए। इसका मतलब है कि नरेंद्र मोदी अब चुनाव जीतने के लिए दिल्ली पुलिस का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। कोई भी उनसे डरने नहीं वाला है। हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे।

दिल्ली पुलिस की ओर से जारी किए गए नोटिस में तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को अपना फेन भी लाने को कहा गया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक रेड्डी के फोन की भी जांच की जाएगी।

दरअसल, रेवंत ने भी अपने एक्स अकाउंट से अमित शाह के फेक वीडियो को शेयर किया था। तेलंगाना कांग्रेस के आधिकारिक अकाउंट समेत पार्टी के कई नेताओं ने इस वीडियो को शेयर किया था। हालांकि, इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स से यह पोस्ट अब हटा ली गई है।

### बीजेपी ने वीडियो को बताया फर्जी

बीजेपी ने अपनी शिकायत में कहा कि अमित शाह ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण खत्म करने को लेकर कोई बात नहीं की है। जो वीडियो वायरल किया जा रहा है वह फर्जी है। बीजेपी ने आरोप लगाया कि मूल वीडियो में अमित शाह ने तेलंगाना में मुसलमानों के लिए असंवैधानिक आरक्षण हटाने की बात कही थी।

### दिल्ली पुलिस ने फेसबुक और एक्स से मांगी जानकारी

दिल्ली पुलिस ने गृहमंत्री के एडिटेड वीडियो को लेकर एक्स और फेसबुक को लेटर लिखा है। साथ ही दोनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जानकारी मांगी है कि ये एडिटेड वीडियो किस अकाउंट से पोस्ट किया गया है।

दिल्ली पुलिस की साइबर सेल आईएफएसओ के डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि बातचीत में बताया कि तेलंगाना कांग्रेस के हैंडल से अमित शाह का एडिटेड वीडियो पोस्ट किया गया था। तेलंगाना कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होने के नाते सीएम रेवंत रेड्डी को भी समन भेजा गया है।

उनके मुताबिक, जांच की जा रही है कि ये वीडियो किसने-किसने पोस्ट किया है। जिनका-जिनका नाम आ रहा है, जिन्होंने इसे पोस्ट किया है, उनको समन भेजा जा रहा है।

# जनता के आशीर्वाद से मिलेगी बहन कमलेश को जीत – साय



**जांजगीर चांपा (समय दर्शन)।** लोकसभा के अलकतरा विधानसभा के ग्राम पहरिया आगमन पर जनता को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की 3 सीटों राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर में शुक्रवार को मतदान हुए। इसके पहले बस्तर सीट पर मतदान हो चुके हैं। इस पर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने मतदाताओं का आभार जताया है।अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर जनता बहुत खुश थी सीएम ने साय ने कहा कि द्वितीय चरण का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर तीनों सीटों पर बीजेपी जीत रही है। वहीं बस्तर सीट पर भी हम कब्जा करेंगे। सीएम साय ने दावा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की 3 सीटों सहित देश के 88 सीटों पर हुए मतदान में सामने आए रुझानों से पता चल रहा है कि जनता ने मोदी जी के विकसित भारत की संकल्पना में साथ दिया है। उनके अब तक किये गए विकास कार्यों पर जनता ने संतुष्टि की मुहर लगाई है। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता देकर अपना दायित्व निभाने के लिए लोगों को साधुवाद। लोगों को झुठ बोलने का काम करती है कांग्रेस' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने आदिवासी एवं अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्रों के हितों की सदैव चिंता की है। भाजपा की सरकार में अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों का विकास तेजी से हुआ है। आज गिरौदपुरी में भव्य जैतखाम का निर्माण और वहां के विकास का काम हमारी भाजपा सरकार ने किया है। मस्तूरी क्षेत्र के सड़कों के विकास के लिए पूर्व की रमन सरकार ने 123 करोड़ रुपए स्वीकृत किये थे। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 34 करोड़ रुपए की स्वीकृति भाजपा सरकार ने ही दी थी। सड़क, पानी, बिजली की चिंता केवल भाजपा ही करती है। कांग्रेस केवल ठगने का काम करती है। 'प्रधानमंत्री पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे कांग्रेसी' उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता अपनी निश्चित हार देखकर हताशा में हमारे प्रधानमंत्री पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत मोदी जी को लाठी से मारने की बात कहते हैं तो कवासी लखमा, मोदी मर जाए कह रहे हैं, जो बहुत ही शर्मनाक है। ऐसे लोगों को जनता करारा जवाब देगी शुन्य पर आउट करेगी। कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफकी राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। तभी तो छत्तीसगढ़ की जनता ने 2023 में कांग्रेस को सरकार से आउट कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रामायण पाठ में श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया गया



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली के द्वारा आज ग्राम बोंदा में आयोजित रामायण पाठ के दौरान श्रद्धालु भक्तों को शरबत पिलाया गया। इस दौरान प्रिया अग्रवाल, मोना अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव बहिष्कार कर सकते है ओदरागहन के ग्रामीण

**पाटन (समय दर्शन)।** ब्लॉक के ग्राम ओदरागहन के ग्रामीण आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकते है। इस बाबत आज एक ज्ञाप ओदरागहन के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में दी है। ज्ञापन में बताया गया है की एक साल।पहले से गांव के कोटवार गिरवर दास मानिकपुरी द्वारा किए गए अनिमितता की शिकायत जिलाधीश से किया गया है । ग्रामीणों का कहना है की कोई कार्रवाई नही हो रही है। आवेदन के साथ ग्राम सभा का सत्य प्रतिलिपि भी जमा किया गया है। सरपंच जिनेश जैन ने बताया की 30 अप्रैल को ग्रामीण के साथ एसडीएम पाटन के समक्ष प्रस्तुत होकर लोक सभा चुनाव बहिष्कार की सूचना देंगे।

### पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को शराब के साथ पकड़ा

**पाटन ( समय दर्शन )।** महामाया चौक पाटन के पास आरोपी रवि चंदेल पिता दीनदयाल चंदेल उम्र 30 वर्ष सा. ग्राम सोरम थाना पाटन द्वारा अवैध शराब बेचने ग्राहक तलाश कर रहा था। तभी पुलिस की दबिश पड़ी ओर युवक 18 पौवा देशी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया। पाटन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली ही एक व्यक्ति लाल के गमझा में बड़ी मात्रा में शराब रखे है जिसे बेचने ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस ने महामाया चौक पाटन में घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी द्वारा भागने की कोशिश की गई। लेकिन सफ ल नहीं हुए। पुलिस उक्त युवक पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है।

### शराब की शीशी लेकर सड़क किनारे ही जमा दी थी महफिल, पुलिस ने की कार्रवाई

**पाटन ( समय दर्शन )।** सिकोला पाटन रोड पर आए दिन शारबियो का जमघट लगी रहती है। कल भी कुछ शराब पीने वाले मुख्य सड़क के किनारे ही महफिल जमा लिया था। इसकी सूचना पाटन पुलिस को मिली तो तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर शराब पीने वाले लोग भाग गए। सिर्फ वासुदेव साहू पिता संतराम साहू उम्र 30 वर्ष सा. खर्रा थाना रानीतराई ही पकड़ में आई। उनके पास से शराब भी जप्त की गई। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### नया बस स्टैण्ड पाटन में शराब पीते हुए कर रहे थे हो हल्ला, पाटन पुलिस ने की कार्रवाई

**पाटन ( समय दर्शन )।** नया बस स्टेंड पाटन में एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थल पर पीने तथा शराब के नशे में हो हल्ला करने की सूचना पुलिस को मिली। जिस पर पुलिस तत्काल नया बस स्टेंड पहुंची। जहां पर किशोर पारधी पिता पंचुराम पारधी उम्र 22 वर्ष सा. पारधी पारा रानीतराई थाना रानीतराई शराब पीते पकड़े गए। उनके द्वारा शराब के नशे में हल्ला किया जा रहा था। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### ज्ञानोदय विद्यालय जांजगीर का परीक्षा परिणाम आज

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के कक्षा नर्सरी से बारहवीं हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम का वार्षिक परीक्षा परिणाम आज दिनाँक 30 अप्रैल को प्रात: 10.00 बजे विद्यालय प्रांगण में संस्था के प्राचार्य, शिक्षक- शिक्षिका, पालक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में घोषित किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव द्वारा दिया गया है।

# बिना लायसेंस के ओटीसी दवाओ की बिक्री की अनुमति पर केमिस्टो ने जताई आपत्ति

### कहा जनहित में केन्द्र सरकार प्रस्ताव को करे रद्द

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** बिना लायसेंस के ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देने केन्द्र सरकार के प्रस्ताव पर ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड इनिस्ट्स (एआईओसीडी) के राष्ट्रीय सह सचिव अविनाश अग्रवाल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल ने गहरी चिंता जताई है। जिसके विरोध में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेषित कर प्रस्ताव से जुड़े महत्वपूर्ण जोखिमों से अवगत कराकर प्रस्ताव को जनहित में रद्द करने की मांग की हैं। ज्ञापन के माध्यम से एआईओसीडी के राष्ट्रीय सह सचिव अविनाश अग्रवाल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल ने कहा है कि यह प्रस्ताव मौजूदा दवा कानूनों, फार्मेसी विनियमों और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों सहित प्रासंगिक कानूनी ढांचे का उल्लंघन करेगा। उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरा पैदा हो सकते हैं। इन खतरों में खतरनाक स्व-चिकित्सा और नशीली दवाओं का दुरुपयोग, फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव, प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं का बढ़ता जोखिम, नकली दवाओं का प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी, दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारियों की अधिक घटनाएं, दवा भंडारण के मानकों से समझौता, अपर्याप्त फार्माकोविजिलेंस उपाय शामिल है। जो जनता के स्वास्थ्य पर विपरित असर डालेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस प्रस्ताव के बहुआयामी निहितार्थों पर पुन: विचार करना चाहिए, क्योंकि सामान्य और किराने की दुकानों में दवाओं की अनियमित उपलब्धता समाज के सर्वोतम हितों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में 12.40 लाख केमिस्टों की सदस्यता के साथ एआईओसीडी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की अखंडता को कमजोर करने वाले किसी भी उपाय को बर्दाश्त नही करेंगी। यदि केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव को रद्द नही किया तो अगामी दिनों में छत्तीसगढ़ समेत देशभर के केमिस्ट सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

# विदाई व सम्मान समारोह



**छुईपाली (समय दर्शन)।** छुईया ( छुईपाली ) मे बालेश्वर पटेल का विदाई समारोह का आयोजन किया गया! जिसमे उनके परिवार व ग्रामवासी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व विदाई समारोह को सफल बनाने मे पूरा योगदान दिया। यह विदाई समारोह उनके द्वारा पढाये गए पूर्व छात्र छात्राओं द्वारा रखा गया था, जिसमे डी जे व बैंड पार्टी के साथ उनका स्वागत किया गया व ग्राम भ्रमण किया गया जिसमे गांव के वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर पटेल, जगदीश पटेल खगेश्वर पटेल धोबाराम चौहान, दयाराम चौहान डोलामाणी चौहान व अन्य शामिल रहें। समारोह का संचालन राजू चौहान व बसंत चौहान ने किया जिसमे भोगीलाल यादव देवराज पटेल ने अपनी पूरी सक्रियता दिखाई व इस पूरी कार्यक्रम का रुपरेखा व देखरेख पूर्व विधायक प्रत्याशी अजीत चौहान के देख रेख मे किया गया। इस कार्यक्रम का प्रयोजक लवली फोटोग्राफी ( तरुण चौहान ) का था।

# वीरेंद्र कुमार कर एवं गिरधारी साहू को डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**सरायपाली (समय दर्शन)।** शासकीय प्राथमिक शाला-करनापाली संकुल केंद्र ढूटीकोना विकास खण्ड बसना जिला महासमुंद छग में पदस्थ शिक्षक डॉ. वीरेंद्र कुमार कर एवं डॉ. गिरधारी साहू (प्रधान पाठक) को हिन्दी लेखन, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के उन्नयन एवं समाज सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किये शोधकार्यों, सामाजिक कार्यों के लिए विद्यापीठ की प्रबंध कार्यकारिणी की अनुशंसा पर * विद्यावाचस्पति* सारस्वत सम्मान विद्यावाचस्पति सम्मान समारोह स्थान होटल रेडिसन भोपाल (म.प्र.) में दिनांक 24 अप्रेल 2024 दिन बुधवार को गाइड डॉ विश्वनाथ पाणीग्राही (ब्रांड एंबेसडर स्वीप कार्यक्रम महासमुंद एवं ब्रांड एंबेसडर पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा उ.प्र.) के सानिध्य में प्राप्त हुआ। शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली के अपने दोनों शिक्षकों को मिले डाक्ट्रेट की मानद उपाधि से करनापाली ही नहीं अपितु पूरे अंचल में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीण बंधुओं ने दोनों शिक्षकों को बुकें एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। ग्राम पंचायत करनापाली सरपंच खीरसागर पटेल संकुल प्राचार्य श्याम कुमार भोई, संकुल समन्वयक इंदल कुमार पटेल, संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी दोनों शिक्षकों का आत्मीय स्वाग किया। साथ ही बीईओ बसना जे आर डहरिया, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, लोकेश्वर सिंह कंवर, बद्री प्रसाद जोल्हे सर एवं बी आर सी सी ललित देवता, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, डी एम सी कमल नारायण चंद्राकर के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने दूरभाष पर बधाई संदेश दिए तथा इनके अलावा सभी पत्रकार बंधुओं ने शुभकामनाएं दीं। शाला विकास समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, कमल पटेल, महेश पटेल, हेमचरण सिदार स्वीपर, वृंदावन दीवान, गंगाधर नेताम सचिव, संतलाल यादव, बेदराम साहू जी, बिहार लाल बरिहा, भुनेश्वर साहू, आर के पटेल (व्याख्याता) जी पी पटेल प्राचार्य (दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर) आदि ने भी दोनों डाक्ट्रेट शिक्षकों को सम्मानित किया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख दूधनाथ साहू ने दी।

# खड़ी ट्रक को पीछे से ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर

### फ्लाईएस से भरा ट्रक पलटा दबकर युवक की हुई मौत




**सारंगढ़ समय दर्शन ( योगेश कुर्रे )।** साराँगढ़ में लगातार दुर्घटना बढ़ती जा रही है एक सप्ताह के भीतर दो बड़े घटना सामने आई है बंजारी के पास फ्लाईऐस से भरी ट्रक हाइवा आधी रात को पंचर होने से चालक ने गाड़ी को किनारे खड़ा कर ऊपर कैबिन में सोया था की अचानक दूसरी फ्लाईएस से भरी ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी गाड़ी पलट गई जिसमे गाड़ी चालक की फ्लाईएस में दबकर मौत हो गयी आपको बता दे बीती रात लगभग 2 से 3 बजे से महज 12 से 14 किलोमीटर दूर बंजारी नेशनल हाईवे पर खड़ी थी और उसका चालक गर्मी की वजह से गाड़ी की ऊपर केबिन पर सोया हुआ था अचानक एक ट्रक पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे फ्लाईएश से भरी गाडी सड़क से नीचे जा गिरा और पलट गया वही सोया हुआ ट्रक चालक युवक टनो टन फ्लाई ऐश की ऊपर आकर दब गया और उसकी मौत हो गई वही घटना की जानकारी सारंगढ़ पुलिस को दिया गया घटना स्थल पहुंच कर पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर दबे हुए लाश को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा की गाड़ी का मालिक भी महासमुंद का है और उसका चालक यह भी बताया गया की युवक महज 23 साल का है जिसका नाम टोपु सतनामी पिता का नाम जातिराम सतनामी जो की महासमुंद के कोसरंगी गांव का निवासी है और अकेला गाड़ी पर सवार था वही टक्कर मारने वाली वाहन चालक को भी चोट लगा है जिसे नजदीकी चंद्रपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाज के लिए भेजा गया इस बात की पुष्टि नही हो रहा की आखिर टक्कर मारने वाली गाड़ी का चालक कहा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित



**बसना ( समय दर्शन )।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिशु वाटिका का परीक्षा परिणाम आचार्य देव प्रसाद साव प्राथमिक, माध्यमिक, हाई हायर सेकेंडरी विभाग का परीक्षा परिणाम अभिमन्यु दास ने घोषित किया। इस अवसर पर पूरे वर्ष भर की सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति को भी चिन्हांकित करते हुए भैया बहनों को समिति के पदाधिकारी के करकमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।कक्षा- अरूण से बहिन ख्याति दीवान जगदीश दीवान 98 प्रतिशत प्रथम स्थान, भैया अयांश श्रीवास्तव राजीव कुमार श्रीवास्तव 97.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान, भैया मोरध्वज प्रधान खिरोद्र प्रधान 93.6प्रतिशतत्न तृतीय स्थान , कक्षा- उदय से भैया चन्द्रेश साहू छत्रपति साहू 99प्रतिशतत्न प्रथम स्थान, भैया आयूष स्वर्णकार धर्मेन्द्र स्वर्णकार 98.3प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन काव्या साहू भूनेश्वर साहू 97प्रतिशत तृतीय स्थान, बहिन दीक्षा नायक युधिष्ठिर नायक 97प्रतिशत तृतीय स्थान,कक्षा- प्रभात से बहिन पूर्वी साव स्व. श्री योगेन्द्र साव 98.3प्रतिशत प्रथम स्थान, बहिन परीधि निषाद भावेश निषाद 98त्न द्वितीय स्थान, भैया सागर भोई हरेराम भोई 98 प्रतिशत द्वितीय स्थान, भैया आयूष सिदार विनोद सिदार 97.3त्न तृतीय स्थान, भैया अभय दास अशोक कुमार दास 97.3प्रतिशत तृतीय स्थान ,कक्षा- प्रथम से बहिन नब्या साव विकास साव 99.50प्रतिशत प्रथम स्थान, भैया चन्द्रशेखर यादव विदेशी यादव 99प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन काव्या साव सुरेश कुमार साव 99त्न द्वितीय स्थान, बहिन कृतिका भोई शिव प्रसाद भोई 99प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन श्रुति बेहरा दीपक बेहरा 98.5प्रतिशत तृतीय स्थान ,भैया हर्षित साव खिरोद साव 98.5 तृतीय स्थान, बहिन आस्था साहू महेन्द्र कुमार साहू 98.50प्रतिशत तृतीय स्थान, भैया गोपाल साव बरत राम साव 98.50त्न तृतीय स्थान, कक्षा- द्वितीय से बहिन मुस्कान प्रधान सुरेश प्रधान 100 प्रतिशत प्रथम स्थान, भैया सिमोन नायक राजू नायक 99.50 प्रतिशत द्वितीय स्थान, भैया साहिल डड़सेना अनिल डड़सेना 99.50प्रतिशत द्वितीय स्थान, भैया द्रोणा नाग गोवर्धन नाग 99.50प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन मुक्ता सतपथी धनुर्जय सतपथी 99.50त्न द्वितीय स्थान, बहिन तृप्ति पटेल कुलमणी पटेल 99 प्रतिशत तृतीय स्थान, भैया उमंग सेठ बसंत सेठ 99प्रतिशत तृतीय स्थान, कक्षा- तृतीय से बहिन डालिमा दास हीरालाल दास 99.50 प्रतिशत प्रथम स्थान, भैया जय शर्मा दीपक शर्मा 97 प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन आरूषि साव वेदनाथ साव 9प्रतिशत तृतीय स्थान, कक्षा- चतुर्थ से बहिन श्रुति प्रधान अश्विनी प्रधान 99त्न प्रथम स्थान, बहिन झरना साव शशिकांत साव 99त्न प्रथम स्थान, भैया मितेश गुप्ता वीरू गुप्ता 95 प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन प्रज्ञा साहू घसिया साहू 94त्न तृतीय स्थान, कक्षा- पंचम से भैया आदित्य प्रधान दासरथी प्रधान 99त्न प्रथम स्थान, बहिन नेहा प्रधान राजकिशोर प्रधान 94 प्रतिशत द्वितीय स्थान, भैया लखन साहू मनोज कुमार साहू 92.50 प्रतिशत तृतीय स्थान,कक्षा- षष्ठ से बहिन खुशी साव यदुमणी साव 94.66 प्रतिशत प्रथम स्थान, बहिन आरूषि दास विनोद कुमार दास 92.60 प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन रश्मि प्रधान अश्विनी प्रधान 91.60 प्रतिशत तृतीय स्थान, कक्षा सप्तम से बहिन जयारानी डड़सेना मनोहर लाल डड़सेना 98.83 प्रतिशत प्रथम स्थान, बहिन हर्षिता दास भारतभूषण दास 96.16प्रतिशतद्वितीय स्थान, बहिन समृद्धि बारीक नीलमणी बारीक 96.16प्रतिशतद्वितीय स्थान , भैया प्रभात साव महेन्द्र साव 93.16प्रतिशत तृतीय स्थान , कक्षा- अष्टम से बहिन अप्सा परवीन मो. जलील खान 96.66प्रतिशतत्न प्रथम स्थान, बहिन सोम्या साहू नरेन्द्र साहू 96त्न द्वितीय स्थान, बहिन अंजू पटेल अच्छेलाल पटेल 94.33त्न तृतीय स्थान,कक्षा नवम से बहिन पूनम साव यदुमणी साव 97.16त्न प्रथम स्थान, बहिन तानिया पाण्डे सुरथ पाण्डे 97प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन मुस्कान देवांगन संतोष देवांगन 97प्रतिशतद्वितीय स्थान, भैया चंदन प्रधान स्व. प्रदीप प्रधान 95त्न तृतीय स्थान, बहिन सिमी साहू धीरेन्द्र साहू 95प्रतिशत तृतीय स्थान, कक्षा- एकादश से बहिन पूजा पटेल पद्मलोचन पटेल 89.8प्रतिशत प्रथम स्थान, भैया मयंक बेहेरा दिलीप बेहेरा 88.8प्रतिशत द्वितीय स्थान, बहिन सीमा प्रधान सुभाष प्रधान 86.8प्रतिशत तृतीय स्थान, प्राप्त किया । सरस्वती शिशु मंदिर अरेकेल विद्यालय से भैया राजवर्धन राणा पिता हेमंत राणा का नवोदय विद्यालय सरईपाली में चयन हुआ।सरस्वती शिशु मंदिर बसना दशहरा मैदान विद्यालय से भैया शिवम् सामल पिता जीतराम सामल का सैनिक विद्यालय में चयन हुआ। अध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल ने कहा कि, घर में माता पिता को अपने पाल्य को ध्यान देना की आवश्यकता है, क्योंकि यदि नीव को मजबूत बनायेंगे तो छत भी मजबूत बनेगा। समस्त भैया बहिनों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस दौरान आनंद राम मदनानी,

सार समाचार

## गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 7 किलो 880 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौक के गेट नंबर 2 के पास गांजा बेचते आरोपी आयुष कुमार पांडे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 7 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं विधानसभा थाना पुलिस के टीम ने ग्राम छपोरा में दबिश देकर आरोपी सफिजन बेगम 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 780 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से एक बुजुर्ग महिला की मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** रिंग रोड कन्हेरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने शव को मरच्युरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि रिंग रोड कन्हेरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है।

## सरेआम शराब पीते 26 पकड़ाए

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने बोरियाकला रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी लक्की साहू 25 वर्ष व नीलकण्ठ साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी कृष्णा साहू 35 वर्ष व नवीन महानंद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी मदन यादव 20 वर्ष व संतोष निर्मलकर 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी मुकेश देवांगन 23 वर्ष, हेमंत सिन्हा 34 वर्ष, हसनैन खान 29 वर्ष, कुंदन साहू 35 वर्ष व अमीतेश सोनकर 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने आरोपी यशवंत बंजारे 25 वर्ष, गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी रामकिशोर रजक 33 वर्ष, विनय कुमार कुंभकार 40 वर्ष, माधव साहू 45 वर्ष, लेखराम महिलांग 40 वर्ष, पंकज चौहान 22 वर्ष व चुम्मन लाल यादव 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी अमीत शर्मा 40 वर्ष व अविनाश मुसलकर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

आदर्श मतदान केंद्र में मेडिकल फैसिलिटी मुहैया कराई गई वही पेयजल और अन्य सुविधा भी दी गई।

# पुलिस लाईन में मतदान सुविधा केन्द्र को दिया गया आकर्षक स्वरूप

**रायपुर( समय दर्शन )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता अधिक से अधिक वोट करने के लिए प्रोत्साहित हो इसलिए इसे पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इसे चुनई तिहार भी कहा जा रहा है। चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस और नगर सेनानी के मतदाताओं के लिए पुलिस लाईन के सामुदायिक भवन में विशेष सुविधा केन्द्र बनाये गए है, इस मतदान सुविधा केन्द्र को विशेष साज-सज्जा करके चुनई मड़वा का रूप दिया गया। छत्तीसगढ़ में यहाँ गर्मी के दिनों में शादी ब्याह होते है और विवाह में मंडप को मड़वा कहा जाता है और उसकी विशेष सजावट की जाती है। उसी के स्वरूप में यह संरचना बनायी गई है, आदर्श मतदान केंद्र में मेडिकल फैसिलिटी मुहैया कराई गई वही पेयजल और अन्य सुविधा भी दी गई। सेल्फी जोन बनाये गए है, जहां पर मतदाता वोट करके सेल्फी लेते रहे। इस मतदान सुविधा केन्द्र में पुलिस और




होमगार्ड के मतदाताओं द्वारा 27 एवं 28 अप्रैल को मतदान किया गया। पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में मतदाता सुविधा केंद्र स्थापित में धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, आरंग, अभनपुर और बलौदाबाजार विधानसभा के मतदाताओ ने मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि हमारे जो सुरक्षा कर्मी और नगर सैनिक हैं जो चुनाव में ड्यूटी करेंगे उन्होंने वोट डालकर अपना दायित्व पूरा किया। कलेक्टर ने कहा कि जो निर्वाचन कार्य में संलग्न है वे लोग अपना शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें ऐसे कर्मचारी जो बूथ में ड्यूटी करते हैं वह अपने इडीसी के माध्यम से अपने मत का प्रयोग करें और जो फील्ड के अधिकारी हैं वो डाक मत पत्र के माध्यम से मतदाता सुविधा केंद्र में आकर शत प्रतिशत मतदान करें।

## रेलवे स्टेशन में सात किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ाया युवक

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर पुलिस ने रायपुर रेलवे स्टेशन के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से सात किलोग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था किंतु मुखबीर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना गंज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नंबर 02 पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम और आरपीएफ़ द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के 01 व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना आयुष कुमार पांडे पिता विजय कुमार पांडे उम्र 19 वर्ष, निवासी महादेवन टोला ऑनिक्स मॉल के पास थाना बगुलागंज चौकी थाना कोतवाली जिला फ तेहगढ़ उत्तर प्रदेश बताया टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे सफर बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत लगभग 71 हजार रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# भाजपा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करना चाहती है : कांग्रेस

**छत्तीसगढ़ में भी वंचित वर्ग का आरक्षण भाजपा ने रोका है - दीपक बैज**

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य है - संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा



की राह में खड़ी है। जब तक कांग्रेस है - वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती। केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस सामाजिक रूप से वंचित लोगों के लिये हिस्सेदारी न्याय लागू करेगी। कांग्रेस के न्याय पत्र में हिस्सेदारी न्याय भारत के सामाजिक संरचना में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा। कांग्रेस पार्टी पिछले सात दशकों से समाज के पिछड़े, वंचित, पीड़ित और शोषित वर्गों एवं जातियों के हक और अधिकार के लिए सबसे अधिक मुखरता के साथ आवाज़ उठाती रही है। कांग्रेस लगातार उनकी प्रगति के लिए प्रयास करती रही है। लेकिन जाति के आधार पर होने वाला भेदभाव आज भी हमारे समाज की हकीकत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग देश की आबादी के लगभग 70 प्रतिशत हैं, लेकिन अच्छी नौकरियों, अच्छे व्यवसायों और ऊँचे पदों पर उनकी भागीदारी काफी कम है। किसी भी आधुनिक समाज में जन्म के आधार पर इस तरह की असमानता, भेदभाव और अवसर की कमी बर्दाश्त नहीं होनी चाहिये। दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार जनहितैषी होने का केवल ढोंग करती है, असलियत यह है कि इनके फोकस में केवल अपने पूंजीपति मित्रों का मुनाफा है।

## मतदान जागरूकता के लिए राष्ट्रीय कला मंच ने बनाई 151 फीट की रंगोली

**रायपुर( समय दर्शन )।** नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट के नाम से बनाई रंगोली देशभर मे तीन चरणों में चुनाव होने थे जिसमें दो चरणों में चुनाव हो चुके हैं आने वाले 7 मई को देशभर में आखिरी चरण में चुनाव हो रहे हैं जिसमें रायपुर लोकसभा के अंदर भी 7 मई में को ही चुनाव होंगे जिसके निमित्त राष्ट्रीय कला मंच द्वारा रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रंगोली रायपुर के तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव मैं बनाई गई। रंगोली बनाने में रायपुर के कई कॉलेजेस के विद्यार्थियों की सहभागिता रही जिसमें मुख्य रूप से सिंधी गर्ल्स कॉलेज व पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह बताने की कोशिश की की वोटिंग का दिन केवल छुट्टी मनाने का दिन नहीं होता यह देश के प्रत्येक नागरिकों के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का दिन होता है और यह भी बताने की कोशिश की की वोट डालना केवल हमारा अधिकार ही नहीं हमारी जिम्मेदारी भी है रिपोर्ट की माने तो यह देखा गया है की शहरों में वोटिंग परसेंटेज बहुत कम होता कुछ महीनों पहले ही छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हुए जिसमें सबसे कम वोटिंग परसेंटेज रायपुर के विधानसभाओ में ही थे। रंगोली के माध्यम से राष्ट्रीय कला मंच ने देश से जुड़े कई प्रमुख मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया जैसे निष्पक्ष विदेश नीति, धारा 370, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राम मंदिर, बेहतर इकोनामिक पॉलिसीस जैसे मुद्दे पर धयान कर वोट करना चाहिए। कार्यक्रम मे मुख्या रूप से गुनगुन भास्वनी,मुस्कान देवांगन ,आकांशा साहू , कल्पना साहू , वीणा साहू, रामजी , चित्रगुप्त , अन्वित ,प्रथम , पंकज उपस्थित रहे।

## जिस शिक्षा का सरोकार समाज-राष्ट्र के हित से न हो वह सच्ची शिक्षा नहीं : बृजमोहन



**रायपुर( समय दर्शन )।** शांतिकुंज गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एक बड़े युग प्रवर्तक थे। जिन्होंने सनातन को जागृत करने का कार्य किया है। मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भी उनके बताए रास्ते पर चलते हुए कार्य कर रही है। यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजभान अग्रवाल ने रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा बृजमोहन अग्रवाल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम शर्मा आचार्य एक बहुत बड़े युग प्रवर्तक थे। जिन्होंने सनातन की जागृति और पुनर प्रतिष्ठा का काम किया। आज भी गायत्री परिवार से जुड़कर करोड़ों लोग अपने जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति कर रहे हैं। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वह भी कई दशकों पहले गायत्री परिवार से जुड़े थे जिसके बाद से उनके जीवन में भी काफी सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने यह भी कहा कि, गायत्री परिवार का हमेशा से ही उनको पूर्ण सहयोग मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि, करीब 500 साल बाद अयोध्या में प्रभु राम लला का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। यह सनातन जागरण का समय चल रहा है। आप सभी इसमें सहयोग दें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर गायत्री मंदिर समता कॉलोनी के मुख्य ट्रस्टी श्याम बैस, सदाशिव हतमल, दीनानाथ शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा समेत परिवार के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने चेन्नई में भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट विजेता बनने पर बधाई दी।**




## सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** अशोक नगर झगरहिन तालाब के पास स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तरासन नखाते 52 वर्ष झगरहिन तालाब के पास अशोकनगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया 19 अप्रैल को अपने परिवार के साथ बाहर गई थी। जब 26 अप्रैल को वापस लौटी तो देखा की उसके सूने मकान का ताला टूटा हुआ है। वहीं आलमारी में रखे नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती 27 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# फिटजी के छात्रों ने जेईई मेन 2024 में ऑल इंडिया रैंक 3, 13 और 16 के साथ हासिल की शानदार सफलता

**भिलाई ( समय दर्शन )।** नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी ने जॉइंट एंट्रेन्स एक्ज़ाम मेन 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी है। जेईई मेल का आयोजन 2 सत्रों में हुआ। पहले सत्र 28 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 के बीच हुआ और दूसरा सत्र 4 अप्रैल, 5 अप्रैल, 6 अप्रैल, 8 अप्रैल और 9 अप्रैल 2024 को हुआ। दोनों सत्रों में सर्वश्रेष्ठ दो एनटीए स्कोर्स के अधार पर उम्मीदवारों की रैंकिंग जारी की गई है। एनटीए द्वारा घोषित जेईई मेन 2024 के परिणामों के साथ इंजीनियरिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भारत के प्रमुख संस्थान फिटजी अपने छात्रों की शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए तैयार है।

आर एल त्रिखा, डायरेक्टर, फिटजी ग्रुप ने कहा यह वास्तव में फिटजी के लिए गर्व का समय है। हम अपने छात्रों के परफोर्मेन्स को लेकर उत्सुक हैं तथा छात्रों, उनके अभिभावकों एवं फिटजी के फैकल्टी और स्टाफ को बधाई देते हैं। यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का



ही परिणाम है। हमारे देश में सैकण्डरी एजुकेशन छात्रों के एनालिटिकल स्किल्स को बेहतर बनाने में सक्षम नहीं है, यही कारण है कि स्कूल में अच्छा परफोर्मेन्स देने वाले छात्र अक्सर प्रतियोगी परीक्षा में पिछड़ जाते हैं। इसलिए छात्रों में एनालिटिकल क्षमता को विकसित करना ज़रूरी है, फिटजी कुछ ऐसा ही करता है। हम छात्रों की अवधारणात्मक सूझ-बूझ पर ध्यान



केन्द्रित करते हैं और उनके आईक्यू एवं एनालिटिक कौशल तथा समस्याओं के समाधान की क्षमता में सक्षम बनाते हैं। जेईई में फिटजी के छात्रों की सफलता उनके पढ़ाने के तरीकों की प्रभाविता की पुष्टि करती हैं अब जेईई अडवान्स्ड अगली उपलब्धि है और हम अपने छात्रों को जेईई अडवान्स्ड में सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

आरव भट्ट, एआईआर 3, जेईई मेन




2024 ने कहा जेईई मेन 2023 में मैंने जो स्कोर हासिल किया है, उसे लेकर मैं बेहद उत्सुक हूं। इस लक्ष्य के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है। मेरे परिणाम का श्रेय फिटजी के कोचिंग के तरीकों को जाता है। फिटजी की विशेषज्ञ फैकल्टी ने मुझे अवधारणाओं को समझने में मदद की, हर बार मेरे सभी सवालों को हल किया। अब मैं नए फोकस के साथ जेईई अडवान्स्ड की तैयारी करूंगा।'

श्रियशस मोहन कल्लुरी, एआईआर 13, जेईई मेन 2024 ने कहा यह मेरे लिए सपना सच होने की तरह है। हर छात्र जेईई मेन में बेहतर रैंक पाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कोशिश करता है। मैं फिटजी की फैकल्टी और उनके पढ़ाने के तरीकों के लिए आभारी हूं। अब मैंने जेईई अडवान्स्ड क्रैक करने का लक्ष्य रखा है और नए जोश के साथ परीक्षा दूंगा।

अपनी ईमानदारी और समर्पण के चलते फिटजी साल दर साल अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल कर रहा है। फिटजी सच्चाई, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के सिद्धान्तों पर कार्यरत है। इस साल एक बार फिर से फिटजी ने जेईई मेन 2024 में शानदार परिणाम हासिल किए हैं। फिटजी के ऑल क्लासरूम प्रोग्रामों (क्लासरूम प्रोग्राम, नॉन-क्लासरूम प्रोग्राम) से छात्रों ने जेईई मेन में एआईआर 1, एआईआर 3, एआईआर 13, एआईआर 16 के साथ उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं।

## 2050 तक कुल आबादी का 20प्रतिशत होंगे बुजुर्ग इसलिए वयस्क टीकाकरण समय की मांग

**रायपुर।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार भारत में वर्ष 2036 तक 50 साल से ऊपर के लोगों की संख्या बढ़कर 40.4 करोड़ होने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में यह संख्या 26 करोड़ थी। वर्ष 2050 तक हर पांच में से एक व्यक्ति 50 वर्ष से अधिक उम्र का होगा। ऐसे में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बढ़ती उम्र की इस आबादी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। बढ़ती उम्र के साथ आने वाली प्रमुख चुनौतियों में निमोनिया, इन्फ्लूएंजा और शिंगल्स जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता है ये संक्रमण बुजुर्गों पर व्यापक शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभाव डाल सकते हैं शिंगल्स मूलत: पुराने चिकनपॉक्स वायरस की पुन: सक्रियता से होने वाला दर्दनाक संक्रमण है। यह संक्रमण पोस्टहेरपेटिक न्यूराल्जिया नाम की एक दर्दनाक जटिलता का कारण भी बन सकता है। लाइफवर्थ हॉस्पिटल, रायपुर के एमडी एवं सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण कुमार केडिया कहते हैं वैसे तो बचपन में होने वाले टीकाकरण से बीमारी की व्यापकता में काफी कमी आई है लेकिन वयस्कों के टीकाकरण के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता है। यह गलत धारणा है कि टीकाकरण केवल बच्चों के लिए है। 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को शिंगल्स, न्यूमोकोकल डिजीज और इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों एवं उनकी गंभीर जटिलताओं से बचाने में टीकाकरण से बहुत लाभ हो सकता है। टीकाकरण द्वारा इन बीमारियों से बचाव संभव है। ये संक्रमण न केवल जीवन की गुणवत्ता पर दुष्प्रभाव डालते हैं बल्कि इनसे भारत के हेल्थकेयर सिस्टम पर भी बोझ पड़ता है हृदय रोग सांस की बीमारी और डायबिटीज जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित उम्रदराज वयस्क संक्रामक रोगों के प्रति और भी अधिक संवेदनशील होते हैं।

## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी धाक

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत ने फिलीपींस को दे दी। दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में समझौता 2022 में हुआ था। भारतीय वायु सेना के अमेरिकी मूल के सी-17 के ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट एअरक्राफ्ट से फिलीपींस मरीन क्राप्स को ये हथियार सौंपे। यह ऑर्डर 290 किलोमीटर की रेंज वाली एंटी शिप क्रूज मिसाइल के तट आधारित संस्करण के लिए है। ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत-रूस का संयुक्त उद्यम है। भारत डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया इसके प्रमुख साझेदार हैं। ब्रह्मोस की धाक पूरी दुनिया में है तथा यह पहला अंतरराष्ट्रीय ऑडर है। अंदाजा है कि फिलीपींस इसे अपने तटीय इलाकों में तैनात करेगा। इस मिसाइल पण्राली में लॉन्चर, वाहन, लोडर, कमांड और नियंत्रण केंद्र आदि शामिल हैं। भारत के पास लंबी दूरी की कई अन्य मिसाइलें भी हैं। मगर फिलीपींस को दी गई मिसाइलें मूल रूप से छोटी बताई जा रही हैं, जो बिल्कुल नई हैं तथा उस खेप का हिस्सा नहीं हैं, जो भारतीय सशस्त्र बल के पास हैं। यह प्रसिद्ध हथियार ऐसे वक्त सौंपा जा रहा है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पें चालू हैं जिससे दोनों मुल्कों के दरम्यान लगातार तनाव बढ़ रहा है। चूंकि ये मिसाइलें दस सेकेंड के भीतर दुश्मन को निशाना बना सकती हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि फिलीपींस समुद्र में अपनी ताकत बढ़ा कर चीन से आमने-सामने झड़प के लिए अपनी सेना को तैयार कर रहा है। हमारे विशेषज्ञ फिलीपींस की सेना को इसकी विशेष ट्रेंनिंग भी देंगे जो इस ऑर्डर में लिखित है। इससे न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में हमारी धाक बढ़ेगी, बल्कि हमारी सेना का मनोबल भी ऊंचा हो सकेगा। अपनी इन क्षमताओं के बूते साउथ ईस्ट एशिया में भारत प्रमुख शस्त्र निर्यातक बनने की तैयारी भी कर सकता है, जो वैंकि तौर पर भारत की बदलती छवि को लेकर बेहतरीन भूमिका निभाने वाला साबित हो सकता है। निस्संदेह अपने यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में अपने यहां विशेषज्ञों की धाक जमी हुई है। यदि उन्हें बेहतर मौके मिलते हैं, तो वे देश का नाम रोशन करने के साथ ही चौतरफा अनुभव बटोर सकेंगे और उत्साहजनक ढंग से प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में अव्वल आने के मौके नहीं चूकने का बेहतरीन प्रयास करेंगे।

## 'मंगलसूत्र' की सियासत

प्रधानमंत्री मोदी ने 'हिंदू-मुसलमान' बयान देकर लोकसभा चुनाव को आक्रामक बना दिया है। हिंदू माताओं, बहनों के 'पवित्र मंगलसूत्र' और सोना-चांदी के जवाहरात को लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की जो घेराबंदी की है, उससे चुनाव के आगामी चरणों की दशा-दिशा तक बदल सकती है। ध्रुवीकरण ऐसा देखा-महसूसा जा सकता है कि चुनाव दोफाड़ हो जाएं! सवाल है कि प्रथम चरण के कम मतदान ने भाजपा का आत्मविश्वास क्या यहां तक हिला दिया है कि पार्टी को अपने आजमाए, पुराने 'हिंदू-मुस्लिम' फॉर्मूले की सियासत पर लौटना पड़ा है? क्या भाजपा के बुनियादी मतदाता ने प्रधानमंत्री मोदी से ऐसी ही आक्रामक और सांप्रदायिक टिप्पणी की अपेक्षा की थी? प्रधानमंत्री ने यह सार्वजनिक बयान देकर खासकर हिंदू महिलाओं को उकसाने की कोशिश की है कि मां-बहनों के 'मंगलसूत्र' और सोने-चांदी के गहनों को छीन कर ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों, मुसलमानों और घुसपैठियों में बांट दिए जाएंगे। नौकरीपेशा लोगों के कमाए हुए धन और जमीन-मकान का भी सर्वे कराया जाएगा। यदि आपके पास दो घर हैं, तो एक घर छीन लिया जाएगा और उसे मुसलमानों में बांट दिया जाएगा। कांग्रेस की यह नक्सलवादी सोच उसके चुनाव घोषणा-पत्र में साफदिखती है। क्या आप ऐसी सरकार बनने देंगे? देश के आर्थिक संसाधनों पर 'शहरी नक्सलियों' का कब्जा होगा। बेहद अहम सवाल तो यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुसलमानों को 'घुसपैठिया' क्यों कहा? देश की करीब 15 फीसदी आबादी अल्पसंख्यक जरूर है, लेकिन मुसलमान भी देश के नागरिक हैं। उनके भी संवैधानिक, मौलिक अधिकार हैं। यदि प्रधानमंत्री ने रोहिंग्या का जिक्र किया है, तो उनका स्पष्ट नाम लेना चाहिए था। यह मुद्दा तो संसद तक में गूंजता रहा है। प्रधानमंत्री ने किस आधार पर ऐसा बयान दिया है कि हिंदू माताओं-बहनों के 'मंगलसूत्र' तक बांट दिए जाएंगे? प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के 9 दिसंबर, 2006 को 'राष्ट्रीय विकास परिषद' की बैठक में दिए गए बयान की व्याख्या भी गलत की है। डॉ. सिंह ने तब नई योजनाओं के संदर्भ में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और बच्चों के संग मुस्लिम अल्पसंख्यकों की भी बात कही थी। देश के संसाधनों पर मुस्लिम अल्पसंख्यक सबसे पहला दावा करते रहे हैं, पूर्व प्रधानमंत्री ने उन पर भी सोचने की बात कही थी। संसाधनों पर प्रथम अधिकार किसी भी समुदाय का नहीं हो सकता। तब पूर्व प्रधानमंत्री के बयान की भी तीखी आलोचना की गई थी। एक समुदाय के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता हो सकती है। भाजपा की प्रतिबद्धता बहुसंख्यक हिंदुओं के प्रति है। प्रधानमंत्री का सूत्रवाक्य 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासज' भी सवालिया होता लगता है। वैसे भी 17 साल 4 महीने पुराना बयान आज अप्रासंगिक है, क्योंकि बीते 10 साल से तो देश में मोदी सरकार है। उसकी नीतियां देश के सामने हैं। कांग्रेस के चुनाव घोषणा-पत्र में ऐसा कोई भी वायदा नहीं है, जैसा प्रधानमंत्री ने बताया है। 'मंगलसूत्र' छीनने और बांटने की भी घोषणा नहीं की गई है। यह व्याख्या प्रधानमंत्री ने की है। बेशक जातीय जनगणना, जातियों-उपजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का पता लगाने, मुसलमानों के सशक्तिकरण, सर्वे के आधार पर भागीदारी और अधिकार तय करने की बात घोषणा-पत्र में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद की रैली में कहा था कि यह आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा कि किस वर्ग के पास कितना धन है। इसमें मां-बहनों के 'मंगलसूत्र' और गहने कहां से आ गए? राहुल गांधी ने आर्थिक असमानता की बात कही थी, जो गलत नहीं है। जब कोई सरकार ऐसी नीति बनाएगी कि अरबपतियों के कमाए धन को आम जनता में बांटा जाएगा, तो उसके निपटारे के लिए संसद और सर्वोच्च अदालत मौजूद हैं। भारत कोई 'केला गणतंत्र' नहीं है। चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है और भाजपा ने अपने काडर और नेताओं में 'मंगलसूत्र' और आम आदमी की कमाई को लूट कर बांटने की सियासत फूंक दी है।

# देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली

अशोक मधुप

विपक्षी दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हांलाकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे कॉमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने 'जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे' और 'झारखंड झुकेगा नहीं' जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। 'उलगुलान' शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था। हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यत: अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा।




रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है।

देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180-190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले। इसलिए, वोट देना ज़रूरी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, ''पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत ख़राब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है।'' जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है।

बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, ''इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है।'' प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, 卐इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10-15 हज़ार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ़ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ़ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी, इसलिए इसे सुपर फ़्लॉप कहा जाना चाहिए।卐 हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई। झारखंड के सुदूर इलाक़ों से लोग बसों, गाड़ियों और ट्रेनों से

रांची पहुंचे। ऐसे लोगों को लाने के विशेष इंतज़ाम किए गए थे। रैली स्थल पर लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही। उलगुलान रैली में शामिल होने आई कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प हो गयी। कुर्सियां भी तोड़ी गई। ये मारपीट, ये हुडदंग कोई अच्छा संदेश नही दे सकें। उलगुलान रैली में शिबू सोरेन, बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। रैली में शामिल नहीं हुए राहुल गांधी। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तबीयत अचानक खराब हो गई है। इस वजह से वे रैली में शामिल नहीं हुए। सात चरणों में पूरे होने वाले लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया। मतदाताओं ने प्रत्याशियों निर्णय इवीएम को सौंप दिया। दूसर चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। इतना सब होने पर भी विपक्षी 28 दलों का गठबंधन अब तक न कोई अपना कॉमन प्रोग्राम प्रस्तुत कर सका। न नहीं सभी दलों द्वारा सर्व सम्मत नेता ही चुना गया। दरअसल विपक्षी दलों का यह गठबंधन, उन दलों का भी गठबंधन कहां जा सकता है, जो दल भाजपा के साथ नहीं जा सके। अवसर नहीं मिला। इस विपक्षी दलों के आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन को खड़ा करने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा योगदान रहा। ये सब उन्ही की मेहनत से खड़ा हुआ। किंतु मौके की तलाश में बैठे नीतीश कुमार अवसर मिलते ही इस गठबंधन से किनारा करके बिहार में भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया। भाजपा के साथ मिलकर अपनी सरकार बना ली। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी ने किया। भाजपा से बात पक्की होने तक वे सपा के अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं के साथ थे। बात पक्की होते ही उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया। 28 दलों वाले इस एलायंस में प्राय: वह ही दल हैं जिनकी अपने प्रदेश में सरकार है। प्रदेश में सरकार होने के कारण वह भाजपा से गठबधंन नही कर पा रही।

चुनाव का एक चरण बीत गया। दूसरा 26 को है। इसके बाद पांच चरण शेष हैं। लगता है कि ये भी जल्द ही हो जांएगे, विपक्ष के 28 दलों के 'एलाइंस इंडिया' का मिनिमम कार्यक्रम तय हुआ। ये बैठकर कोई ऐसा एजेंडा भी नही बना पाए कि बहुमत में आने पर किस कार्यक्रम पर वे सरकार चलांएगे। दूसरा उनका संयुक्त प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या कुछ प्रदेशों की तरह तीन या छह-छह माह में अब प्रधानमंत्री भी बदले जांएगे। जो भी हो विपक्षी गठबंधन इंडिया का जैसे अच्छा नाम मिली था, वैसा कुछ आगे नही हुआ। उसने निराश ही किया। देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 28 दलों के गठबंधन से उम्मीद काफी ज्यादा थीं, किंतु वह एक पर भी खरा नही उतर सका। ये सारे दल अलग-अलग विचार और सिद्धांतों के मानने वाले हैं। ऐसे में एकजुट होने के लिए इनका कॉमन एजेंडा भी होना चाहिए। ऐसा न होने पर इनकी एकजुटता छलावा है। धोखा है। अब तो इनका का उददेश्य केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करना रह गया। आलोचनाएं भी सकारात्मक नही। नकारात्मक।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढ़ने का परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढ़ने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है।

सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ़ने के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है।

# विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त

भारत डोगरा

गाजा में, यूक्रेन में, सुडान में और कितने ही स्थानों पर आज विश्व बुरी तरह हिंसा से त्रस्त है। महाविनाशक हथियारों की ऐसी बहुत खतरनाक होड़ पहले से और तेज हो रही है जो दुनिया को किसी बड़े संकट की ओर ले जाएगी।

जो अंतरराष्ट्रीय संस्थान विश्व शांति और निशस्त्रीकरण के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं, वे कभी असहाय नजर आते हैं तो कभी केवल चिंता प्रकट करने या बयानबाजी तक ही अपनी जिम्मेदारी को समेट लेते हैं। इस बिगड़ती स्थिति को संभालना बहुत जरूरी है। उम्मीद की एक किरण हम सब जनसाधारण अपने प्रयासों से भी ला सकते हैं। बेशक, हम जनसाधारण प्रत्यक्ष रूप से बड़े युद्ध समाप्त नहीं कर सकते पर अपने आसपास की हिंसा को समाप्त कर या न्यूनतम कर एक अमन-शांति पर आधारित दुनिया बनाने के लिए अच्छी शुरुआत जरूर कर सकते हैं। दुनिया आखिर करोड़ों परिवारों के मिलने से ही तो बनती है, लाखों समुदायों के मिलने से ही तो बनती है। यदि परिवार और समुदाय स्तर से ही अहिंसक विश्व बनाने की बड़ी पहल हो तो इसका असर दूर तक भी जा सकता है।

यदि परिवार और समुदाय के स्तर पर हम अहिंसा की जो सीख प्राप्त करते हैं, उसका उपयोग आगे, अधिक व्यापक स्तरों पर अमन-शांति के प्रयासों के लिए करते रहें। इस सोच के मूल में यह समझ है कि हिंसा मनुष्य के दुख-दर्द का एक प्रमुख कारण है। हर मनुष्य दुख-दर्द कम करना चाहता है और इसके लिए एक प्रमुख मार्ग यह है कि वह अपने भीतर की हिंसा और अपने आसपास की हिंसा को कम करे। यह मार्ग हम सबको उपलब्ध है, पर फिर भी यह प्राय- उपेक्षित है। यहां तक कि अपने भीतर की हिंसा को एक समस्या के रूप में पहचानने की प्रवृत्ति भी कम ही नजर आती है। पर वास्तविकता तो यह है कि मनुष्य के भीतर की हिंसा और आसपास की हिंसा अधिकांश समाजों में एक बड़ी समस्या है। भारत हो या अमेरिका इसकी एक बड़ी अभिव्यक्ति घरेलू हिंसा के बेहद चिंतित करने वाले आंकड़ों में उपलब्ध होती है।

अमेरिका जैसे 'विकसित' समाज में भी एक वर्ष में 110 से 120 लाख व्यक्ति घरेलू हिंसा अपने नजदीकी साथी (इंटीमेट पार्टनर) की हिंसा का शिकार होते हैं (प्रति मिनट 20) और इनमें से बहुत बड़ा हिस्सा महिलाओं का है। 19 प्रतिशत घरेलू हिंसा की घटनाओं में किसी न किसी हथियार का उपयोग भी होता है। घरेलू हिंसा की बड़ी वारदात को रहने दें तो भी कितने ही दिन जनसाधारण के ऐसे गुजरते हैं जिसमें छोटी-छोटी बातों में, क्रोध के आ जाने से जो कहा-सुनी हो जाती है उसके कारण दिन खराब हो जाता है, दुख भी होता है। हमारे समाज में परिवार में प्रेम और लगाव बहुत है, पर झगड़े भी कम नहीं हैं- फिर चाहे पति-पत्नी के झगड़े हों, भाई-भाई या सास-बहू के। अंत में अधिक सहना तो महिलाओं और बच्चों को ही पड़ता है, जबकि घरेलू हिंसा के दौर में बच्चे जो सहते हैं उसका अहसास भी कई बार व्यस्क सदस्यों को नहीं होता। बाद में मन में आता है कि ओह, क्रोध में हम क्यों नाहक अपने प्रियजनों को परेशान करते हैं और स्वयं भी होते हैं, पर यह सोचने के बाद भी बार-बार ऐसी वारदात होती ही रहती हैं। इसकी वजह यह है कि अपने भीतर की हिंसा को पहचानने और उसे कम करने के जरूरी प्रयास नहीं होते। इसके साथ कहीं न कहीं आधिपत्य की भावना जुड़ी होती है। यह लिंग आधारित हो सकती है (पुरुष द्वारा महिला पर आधिपत्य समझना), आयु-आधारित या धन-संपत्ति आधारित हो सकती है।

वास्तव में अहंकार, क्रोध, आधिपत्य, हिंसा यह सब आपस में जुड़े हुए हैं। फिर इन के साथ यदि नशे की प्रवृत्ति जुड़ जाए, विशेषकर शराब के नशे की प्रवृत्ति, तो इन सब की अभिव्यक्ति और भयानक रूप में हो सकती है। यदि इस सब को एक गंभीर समस्या के रूप में समझ कर इसे कम करने का प्रयास होगा तो विभिन्न व्यक्तियों और परिवारों में दुख-दर्द, परेशानी, तनाव, अपमान, आहत होने के अहसास और अवसाद में बहुत कमी आ सकती है, तथा दूसरी ओर खुशहाली, परस्पर प्रेम और सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

इस तरह समाज की सबसे छोटी पर बुनियादी इकाई के स्तर पर अहिंसा के प्रयासों को जो सफलता मिलेगी, उसके आधार पर जनसाधारण को, महिलाओं और पुरुषों को, युवाओं और छात्रों को प्रेरित कर समुदाय के स्तर पर अधिक व्यापक भूमिका के लिए तैयार किया जा सकता है। समुदाय में जो धर्म, जाति, लिंग आदि के स्तर पर भेदभाव हैं, वह भी मन के अंदर की हिंसा की एक अभिव्यक्ति है। हिंसा, आधिपत्य, अहंकार के मिले-जुले असर से किसी अन्य मनुष्य को धर्म, जाति के आधार पर हीन भावना से देखा जाता है।

धर्म, जाति उप-जाति के आधार पर किसी को हीन मानना या उससे भेदभाव करना बुनियादी तौर पर अनुचित और अन्यायपूर्ण है पर जब सामुदायिक स्तर पर लोगों के दिलों में हिंसा, आधिपत्य और अहंकार की प्रवृत्ति है तो वह इन अनुचित रूपों में प्रकट होती रहती है जिससे अंत में क्षति पूरे समुदाय की ही होती है। जिनसे भेदभाव या अन्याय होता है वे तो आहत ही होते हैं, किन्तु जो अन्याय और भेदभाव करते हैं, वे भी सही मानवीय विकास की संभावनाओं से दूर हो जाते हैं, उनका सही विकास नहीं होता है और वे संकीर्ण विचारों के जाल में फंसे हुए अपने और अपने निकटस्थों के लिए कई समस्याएं उत्पन्न करते रहते हैं।

दूसरी ओर अहिंसा और अमन-शांति का संदेश सही ढंग से पूरे समाज में पहुंचता है तो समुदाय के सभी लोगों की उचित न्यायसंगत प्रगति के अवसर बढ़ते हैं, पूरे समुदाय की एकता और मजबूती बढ़ती है, खुशहाली बढ़ती है। इस तरह के सामुदायिक प्रयास पूरे देश में होते हैं तो पूर्ण राष्ट्र की खुशहाली, समता, एकता और प्रगति मजबूत होती है। यह इस रूप में मजबूत होती है कि अपने सभी लोगों में प्यार और सद्भावना बढ़ते ही हैं, पर देश की यह बढ़ती एकता और मजबूती किसी अन्य देश के लिए खतरा नहीं बनती है क्योंकि यह प्रगति मूलत- अमन-शांति और अहिंसा पर आधारित है।

इस तरह यदि राष्ट्र की प्रगति होती है तो राष्ट्र की यह क्षमता भी साथ-साथ बढ़ती है कि वह हिंसा से बुरी तरह आहत दुनिया को अमन-शांति की राह दिखा सके। कल्पना कीजिए कि यदि विभिन्न देश इस तरह समाज की छोटी इकाई से ऊपर तक अमन-शांति और अहिंसा के प्रसार का प्रयास निरंतरता से करें तो क्या पूरे विश्व में अमन-शांति की संभावना नहीं बढ़ सकती है? क्या युद्ध की संभावना को न्यूनतम करते हुए विनाशक और महाविनाशक हथियारों की होड़ और दौड़ को भी नहीं रोका जा सकता? यह सब कोरी कल्पना नहीं है, वास्तविक संभावना है। कहा भी गया है, बहुत सी बड़ी उपलब्धियों की शुरुआत छोटे स्तर पर ही होती है।

# पृष्ठासन से कहें थकान को अलविदा

**तिर्यक कटिचक्रासन और पृष्ठासन ऐसे ही आसन हैं जिन्हें साथ-साथ किया जा सकता है. इससे संतुलन बना रहता है और शरीर के हर अंग की मालिश भी हो जाती है।**

### कैसे करें?

- सीधे खड़े हो जाएं। दोनों पैरों में डेढ़ फुट का अंतर रखें। दोनों हाथों की अंगुलियों को आपस में गूंथ लें. अब सांस भरें और दोनों बाजुओं को सिर के ऊपर लाएं।
- बाजू सीधा रखें। कलाई को पलटें ताकि हथेली का रूख आकाश की ओर रहे। अब सांस छोड़ते हुए कमर से आगे 90 डिग्री के कोण पर झुकें। सामने हथेली की ओर देखें। सांस बाहर रोककर रखें।
- अपने शरीर और बाजुओं को ज्यादा से ज्यादा दाईं ओर घुमाएं। इसी तरह बाईं ओर घुमाएं। सांस भरें और सीधे खड़े हो जाएं। अब सांस निकालते हुए हाथों को नीचे कर लें। यह एक पूरा चरण है।

### पृष्ठासन

- नियमित अभ्यास से पैरों की मॉंसपेशियां मजबूत बनती हैं।


### आसन प्रयोग

- सीधे खड़े हो जाएं। दोनों पैरों में डेढ़ फुट का अंतर रखें। पैरों को समानांतर नहीं रखें। दोनों पैरों की अंगुलियों को थोड़ा बाहर की ओर मोड़ लीजिए।
- दोनों हाथों को नितम्ब के नीचे यानी जंघाओं के पिछले भाग पर सटाकर रखें। सांस भरें और सांस छोड़ते हुए घुटनों को थोड़ा मोड़ें। कमर से पीछ झुकते जाएं और हाथों को नीचे सरकाते जाएं।
- पीछे झुकते हुए अगर आप हाथों को घुटनों के पिछले भाग तक पहुंचा सकें तो बहुत अच्छा है। अभ्यास हो जाने पर आप अपने हाथ टखनों तक पहुंचा सकते हैं। लेकिन पीछे झुकने में जल्दबाजी नहीं करें और संतुलन बनाकर रखें।
- पृष्ठासन करने समय सिर को पीछे की ओर ढीला छोड़ दें। इस अवस्था में कुछ सेकेंड रुकने का प्रयास करें।
- सांस भरें और फिर सीधे खड़े हो जाएं। यह पूरा एक चरण है। तीन बार इसका अभ्यास करना चाहिए।
- पेट में अल्सर, उच्च रक्तचाप, श्याटिका या स्लिप डिस्क की समस्या होने पर पृष्ठासन का अभ्यास नहीं करें।

### ध्यान दें

पांच बार इस इस आसन का अभ्यास करें। श्याटिका या स्लिप डिस्क की समस्या होने पर आगे की ओर झुकने वाले आसन नहीं करें। तिर्यक कटिचक्रासन कंधे, पीठ और कमर की मांसपेशियों को व्यायाम देता है और उनकी शक्ति बढ़ाता है। इस आसन के नियमित अभ्यास से कमर की जकड़न दूर होती है। शारीरिक और मानसिक तनाव कम करने में भी यह आसन सहायक है।





### क्या है लाभ?

पृष्ठासन करने से पेट की मांसपेशियों में खिचाव आता है। इससे पेट के सभी अंगों की कार्यक्षमता बढ़ती है और स्फूर्ति आती है। नियमित अभ्यास से पीठ और कमर के हिस्से में रक्त का संचार बढ़ जाता है। पीठ और कमर की जकड़न दूर होती है। तंत्रिकाओं को ताकत मिलती है और ताजगी की अनुभूति होती है। साथ ही मानसिक संतुलन बढ़ता है।

# व्यक्तित्व से स्वभाव बनता है विनम्र या आक्रामक



**आपका** विनम्र या आक्रामक होना आपके व्यक्तित्व पर निर्भर करता है। यह खुलासा एक नए सर्वे में हुआ है। न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के सर्वेकर्ता पीटर बिरो कहते हैं कि अक्सर एथलीट्स या शारीरिक रूप से सक्रिय रहने वाले लोगों को आक्रामक और सामाजिक बताया जाता है जबकि सुस्त रहने वाले लोगों के बारे में कहा जाता है कि वे सामाजिक गतिविधियों के प्रति अनभिज्ञ रहते हैं या दब्बू होते हैं। जर्नल 'ट्रेंड्स इन ईकोलॉजी एंड इवोल्यूशन' के मुताबिक बिरो के नए अध्ययन में शरीर की चयापचय दर और व्यक्तित्व के बीच एक सम्बंध देखा गया है। चयापचय क्रिया में भोजन ऊर्जा में परिवर्तित होता है। इस सर्वे में मालूम हुआ है कि विनम्र या आक्रामक होना चयापचय क्षमता से सम्बंधित होता है।

# डैंड्रफ से परेशान हैं अपनाएं ये नुस्खें...



**खूबसूरत** बालों की इच्छा तो हर किसी की होती है लेकिन बदलते मौसम में अगर ध्यान न दिया जाए तो आपके बालों को नजर लग सकती है रुसी की। सही समय पर अगर रुसी से बालों को न बचाया जाए तो ये आपके बालों के लिए बेहद खतरनाक भी साबित हो सकती है इसलिए अब हो जाइए तैयार अपने बालों की देखभाल करने के लिए। रेशमी, काले और घने बाल की तमन्ना हर किसी को रहती है। बालों को सुंदर बनाए रखने के लिए लोग हजारों रुपए तक खर्च कर डालते हैं। कभी बालों का कलर बदलना तो कभी उसके लिए नए-नए प्रयोग करना। सुंदर बालों की चाहत रखने वाले अपनी इच्छा पूरी करने के लिए लगातार कुछ न कुछ करते रहते हैं। लेकिन इस दौरान लोग जिस खास बात का ध्यान नहीं देते हैं वो है बालों में जमने वाली रुसी। रूसी की वजह से देखते ही देखते बालों का हाल बुरा होने लगता है। बाल झड़ने लगते हैं और फिर आपकी चाहत साल दर साल गंजेपन में तब्दील होने लगती है।



# वाणी ही है सुख दुःख की वजह

**हमारे जीवन में वाणी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वेदों के गूढ अर्थों से परिपूर्ण सूत्र ही कठिन समय में आपके सबसे विश्वसनीय साथी हो सकते हैं। देखा जाए तो अक्सर लोगों की शारीरिक कमजोरियों या दूसरे कारणों से बहुत जल्दी गुस्सा आ सकता है, इन व्याधियों की वजह से आप बहुत जल्दी खीझ सकते हैं। इसलिए रोज सुबह जब आप अपनी दिनचर्या तय करते हैं, तब सबसे पहले यह तय करें कि किसी से भी निरर्थक वार्तालाप नहीं करेंगे, जो कुछ कहेंगे वह अर्थपूर्ण होगा, कोई बात यदि पसंद नहीं आएगी तो उसे शालीनता से अस्वीकृत करेंगे-चिढ़ कर, खीझ कर नहीं।**

विख्यात दार्शनिक इमर्सन ने कहा है-संसार को दुखमय बनाने वाली अधिकांश व्याधियां वाणी के विकार से उत्पन्न होती हैं। विश्व का इतिहास इसका साक्षी है कि गलत बातों ने गजब का कहर ढाया है इसीलिए कहा भी जाता है कि बाण का, तीर का घाव तो भर जाता है, लेकिन वाणी का घाव कभी नहीं भरता।

महाभारत की पृष्ठभूमि में जो प्रधान कारण गिनाए जाते हैं, उनमें द्रौपदी द्वारा दुर्योधन को दिया गया यह ताना भी शामिल है कि- अंधे का पुत्र अंधा। वाणी के इस महत्व के कारण ही वेदों में ऋषियों ने वाणीगत व्यवहार के अमर सूत्र दिए हैं- सत्यं वद, प्रियं वद, मधुरं वद् अर्थात सत्य बोलें, प्रिय बोलें, मधुर बोलें।

रोगी अथवा उनकी देखरेख करने वालों के लिए वाणी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। वेदों के ये तीन सूत्र ही इस समय में ऐसे लोगों सबसे विश्वसनीय साथी हो सकते हैं।दरअसल, रोगी शारीरिक कमजोरियों या दूसरे कारणों से बहुत जल्दी गुस्से में आ सकता है, वह बहुत जल्दी खीझ सकता है। इसलिए उनके प्रति देखरेख करने वालों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। अत: उन्हें संवेदनशील होने के नाते सबसे पहले यह तय करना होगा कि किसी भी हालत में रोगी से भी निरर्थक वार्तालाप नहीं करें, जो कुछ कहें वह अर्थपूर्ण हो, कोई बात यदि वह पसंद नहीं करता तो उसे शालीनता से अस्वीकृत करें- चिढ़ कर, खीझ कर नहीं।

घर में रोगी के और सगे-संबंधी हो सकते हैं, वे उनसे तरह-तरह के सवाल, जिज्ञासाएं कर सकते हैं। यदि वे बच्चे हैं तो जाहिर है कि वे नहीं जानते कि अस्वस्थ्य व्यक्ति की मनोदशा क्या है, इसलिए वे किसी भी वक्त कुछ भी पूछ सकते हैं। ऐसे में रोगी के हितैषी होने के नाते आपको ही तय करना है कि आप तो उनकी बातों का कैसा रूख देते हैं और क्या जवाब दें, जिससे अनावश्यक तनाव न उत्पन्न होने पाए। यदि आप उनके मनोभाव को समझकर उनकी बातों का रोचक ढंग से जवाब देने की कोशिश करते हैं तो रोगी के साथ साथ ये बच्चे भी आपके मुरीद बन जाएंगे, आप इनकी जरूरत बन जाएंगे। यदि आपने ऐसा करने के बजाय उनकी जिज्ञासाओं के प्रति उपेक्षा का रवैया अपनाया या उन्हें झिड़कने की कोशिश की तो आपको दोहरी मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

रोगग्रस्त व्यक्ति के परिजन होने के नाते इस माहौल का असर सिर्फ बच्चों और आप तक सीमित नहीं रहता है, बल्कि प्राय: यह फैलते हुए आपके दूसरे रिश्तों को भी अपने घेरे में ले लेता है, क्योंकि आखिर ये सभी रिश्तेदार आपके ही परिवार का अहम हिस्सा होते हैं। शुरू-शुरू में आपके अपने इन बातों को नजरंदाज कर सकते हैं, लेकिन हर बात की एक सीमा होती है। यदि आपका कडा बर्ताव या बातचीत का ढंग नकारात्मक ही बना रहा तो एक दिन वे भी आपसे ऐसी बात कह सकते हैं, जो शायद आपको अच्छी न लगे।

यह भी देखने में आता है कि गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रोगियों में से बहुत से लोग प्राय: नकारात्मक व्यवहार करने लगते हैं और ऐसी बातें करते हैं जिन्हें दूसरे लोग अशुभ मानते हैं, जैसे- अब अपना तो क्या, चार दिन के मेहमान हैं, अब तो ऊपर वाले के बुलावे का इंतजार है, जब बुला ले। वास्तविकता में जीवन और मृत्यु सब ईश्वर के हाथ में हैं, इसलिए ऐसी बातें करने वालों को ढांढ़स बंधाएं। उन्हें भरोसा दिलाएं कि जब तक जीवन है, तब तक जीवन की ही बात होनी चाहिए, जीवन की ही चर्चा करनी चाहिए। जहां तक मौत का सवाल है तो आप नहीं चाहेंगे, तब भी जब उसे आना है वह आ जाएगी। ऐसे में उसकी चर्चा कर, उनकी खूबियां बताकर बातों को शालीनता से पाजिटिव पुट देना सार्थक पहल होगी। माहौल को बोझिल बनने से बचाएं। दरअसल, पूरी जीवंतता आपकी वाणी में भी मुखर होनी चाहिए।

अपनी वाणी को रूग्ण की खुशी का कारण बनाएं, तकलीफ का नहीं। कोशिश करें कि आपकी वाणी मधुर हो और उसमें मनोविनोद भी शामिल हो।

यदि आपकी वाणी में रस छलकेगा तो आप कठिन क्षणों से आसानी से पार पा लेंगे। इसी अनुपात में आप देखेंगे कि आपके परिवार की तकलीफें भी कम होती जाएंगी, क्योंकि जब आप अच्छा बोलेंगे, अच्छे ढंग से बोलेंगे तो आपको इसका प्रतिसाद भी वैसा ही मिलेगा। वैसे भी आज की आपा-धापी भरी जिंदगी में लोगों के बोलने का ढंग भी तनाव ग्रस्त हो गया है। इसलिए वाणी के महत्व को समझें और उसे बुद्धिमानी से उपयोग करें।



# यदि कम करना हो कोलेस्ट्रॉल का स्तर...

**यदि आपको कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करना है तो अखरोट और बादाम जैसी सूखी मेवा खूब खाएं। एक नए अध्ययन में स्पष्ट हुआ है कि इससे रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है।**



**हृदय** संबंधी बीमारियों के खतरे को कम करने और रक्त में लिपिड (वसा व कोलेस्ट्रॉल) का स्तर कम करने की अखरोट, बादाम व मूंगफली जैसी सूखी मेवा की पोषण संबंधी अद्वितीय विशेषताओं के चलते इन पर ज्यादा अध्ययन किया जा रहा है। इस तरह की सूखी मेवा में पौधों के प्रोटीन, वसा (खासकर असंतृप्त वसा अम्ल), खाने योग्य रेशे, खनिज, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोस्टीरॉइड्स जैसे अन्य यौगिकों की मात्रा अधिक होती है।

कैलिफोर्निया के लोमा लिंडा विश्वविद्यालय के अध्ययनकर्ता जोएन सैबेटी और उनके साथियों ने सात देशों के कोलेस्ट्रॉल की उच्च मात्रा व कोलेस्ट्रॉल की सामान्य मात्रा वाले 583 स्त्री-पुरुषों को 25 परीक्षणों में खाने के लिए अखरोट देने के बाद इन परीक्षणों में प्राप्त प्राथमिक आंकड़ों का अध्ययन किया था। इन सभी परीक्षणों में लोगों को दो समूह में बांटा गया था। एक समूह के लोगों को खाने के लिए अखरोट नहीं दिया गया, जबकि दूसरे समूह को अखरोट दिया गया। अध्ययन में शामिल लोगों को लिपिड की मात्रा कम करने के लिए कोई दवा नहीं दी गई थी। अध्ययन मे शामिल प्रतिभागियों ने प्रतिदिन औसतन 67 ग्राम अखरोट का सेवन किया था। इसके बाद उनमें कोलेस्ट्रॉल की सांद्रता में 5.1 प्रतिशत की कमी, कम-घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (खराब कोलेस्ट्रॉल) में 7.4 प्रतिशत की कमी और उच्च-घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (अच्छा कोलेस्ट्रॉल) के स्तर में 8.3 का बदलाव देखा गया। अध्ययकर्ताओं का कहना है कि अखरोट, बादाम या मूंगफली के सेवन से होने वाला असर इन सूखी मेवाओं की ली जाने वाली मात्रा पर निर्भर करता है और सभी प्रकार की सूखी मेवाएं रक्त में मौजूद लिपिड के स्तर पर समान प्रभाव डालती हैं।

# ग्रामीणों की हक पर सेल्समेन की बड़ी हेरा-फेरी

**गेंददास मानिकपुरी**

**महासमुंद ( समय दर्शन )** । शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना पीडीएस जो देश भर में एक अलग पहचान बना चुकी है लेकिन इस योजना को सरकार से लेकर प्रशासनिक गतिविधि गंभीर है किंतु जिसको इस योजना की जिम्मेदारी दी गई है वह अपने जिम्मेदारी से अपने दायित्व की विपरीत काम करते हुए नजर आ रहे है सरकार की योजना को पूरी तरह से विफ्ल करने में लगे हुए हैं जिसकी वजह से योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

यह मामला छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले का है जहां के सेल्समेन और संबंधित अधिकारी की मिलीभगत से हेरा-फेरी का




मामला सामने आ रहा है जहां सरकार द्वारा दी जाने वाली चावल का लाभ नहीं मिल पा रहा है वैसे ही सरकार द्वारा निर्धारित प्रधानमंत्री कल्याण योजना के तहत अतिरिक्त चावल का लाभ प्राथमिक कार्ड और अंत्योदय कार्ड को मिलना था जिसका लाभ किसी भी ग्रहाक को नहीं मिल पाया और हितग्राहियों के राशन में अधिकारी ही नहीं सेल्समेने सभी के द्वारा डाका डाल दिए गए इस मामले को लेकर महासमुंद जिले के अनेक पीडीएस सेल्समैन का जांच पड़ताल करने मीडिया की टीम द्वारा किया गया जहां ना तो किसी को अतिरिक्त चावल का लाभ मिला और ना ही इस योजना का लाभ मिल पाया



जिस पर खाद्य विभाग के निरीक्षक से लेकर खाद्य अधिकारी द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है वही मामले में आपको बता दे की प्रधानमंत्री कल्याण योजना के तहत अंत्योदय और प्राथमिकता कार्ड धारक को प्रति सदस्य 5 किलो अतिरिक्त चावल देने का प्रावधान था योजना केंद्र सरकार की थी जिसमें केंद्र सरकार द्वारा प्राथमिकता कार्ड धारी और अंत्योदय को मिलना था वर्ष 2022 अप्रेल माह और दिसंबर नवंबर 2022 में प्रति सदस्य 5 किलो अतिरिक्त चावल देने का प्रावधान था लेकिन कुछ लालची लोग केंद्र की योजना को आम लोगो के हक पर डकैती डाल दिये कोई सरपंच का रिस्तेदार तो कोई किसी बड़े नेता का सांगिर्द इनको इन सभी का संरक्षण मिला है की कोई भी अधिकारी हमारे पीडीएस केंद्र मे जांच नहीं कर सकता और ना ही रिकबरी हो सकती है हौसला इतना बुलंद है की पूछो मत अब देखना है की अधिकारी इस मामले मे क्या कार्यवाही करते है की वो भी मुख दर्शाक बने रहते है। पीडीएस के मगरमछ जो गरीब जनता के निवाले कोई भी नहीं छोड़ा बागबाहरा ब्लाक के कसेकेरा सेल्समेन दुपसिंग ठाकुर. तुहलू. टेका नेहरू चक्रधारी फूड अधिकारी अजय यादव से दूरभाष के माध्यम से वर्जन लिया तो उनका कहना है की अतिरिक्त चावल तो आया था शिकायत के बाद जांच करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

**अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 7 वाहन जप्त**

जांजगीर-चांपा द्य कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग जांजगीर चांपा के द्वारा जिले के बलौदा, जांजगीर,चांपा क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया।

खनिज अधिकारी श्री हेमंत चेरपा ने बताया कि खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 06 प्रकरण, निम्न श्रेणी चूना पत्थर के 01 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 07 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।उक्त कार्यवाही में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी श्री पी डी जाड़े एवम टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## इंडीजीन लिमिटेड का आईपीओ सोमवार, 06 मई, 2024 को खुलेगा

**मुंबई।** इंडेजीन लिमिटेड (कंपनी) ने सोमवार, 06 मई, 2024, 2024 को अपनी इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग (ऑफर) खोलने का प्रस्ताव रखा है। बोली/प्रस्ताव समापन तिथि बुधवार, 08 मई, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी शुक्रवार, 03 मई, 2024। ऑफर का प्राइस बैंड रुपए 430 प्रति इक्विटी शेयर से रुपए 452 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 33 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 33 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। इस ऑफर में 7,600 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू (फ्रेश इश्यू) और 23,932,732 इक्विटी शेयरों (ऑफर किए गए शेयर) की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है, जिसमें बेचने वाले धारक मनीष गुप्ता द्वारा 1,118,596 इक्विटी शेयर, डॉ. राजेश भास्करन नायर द्वारा 3,233,818 इक्विटी शेयर, अनीता नायर द्वारा 1,151,454 इक्विटी शेयर (मनीष गुप्ता और डॉ. राजेश भास्करन नायर के साथ, इंडीविजुअल सेलिंग होल्डर), ग्रुप लाइफस्प्रिंग के भागीदार के रूप विडा ट्रस्टीज प्राइवेट लिमिटेड (फिा ट्री ट्रस्ट के ट्रस्टी) द्वारा 3,600,000 तक इक्विटी शेयर, बीपीसी जेनेसिस फंड द्व एसपीवी लिमिटेड द्वारा 2,657,687 इक्विटी शेयर, बीपीसी जेनेसिस फंड आईए एसपीवी, लिमिटेड द्वारा 1,378,527 इक्विटी शेयर और सीए डॉन इन्वेस्टमेंट्स द्वारा 10,792,650 इक्विटी शेयर हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी को चौबीस घंटे में किए गिरफ्तार,भेजा गया जेल

**गरियाबंद।** दुष्कर्म करने के आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चौबीस घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।घटना के विषय में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को प्रार्थी द्वारा स्थानीय सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया की उसकी नाबालिग लड़की को किसी व्यक्ति द्वारा बहलाफुसला कर भगा ले गया है।इस घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना की जानकारी कोतवाली प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले को दिया गया।जिसे गंभीरता से लेते हुए जिले के पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा-निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े द्वारा कोतवाली सहायक प्रभारी गुणेश्वरी नरेकी,प्रधान आरक्षक राम कृष्ण साहू आरक्षक योगेश सिंग व महिला आरक्षक लीलेश्वरी ध्रुव की टीम बनाकर आरोपी की तलाश प्रारंभ किया गया,जिससे फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम पतोरी निवासी आरोपी केजुराम मारकंडे पिता शत्रुघ्न मारकंडे उम्र 27 को गिरफ्तार कर आरोपी के पास से नाबालिग लड़की को बरामद कर आरोप के खिलाफ धारा 363,366,376 ( 2 )पाक्सो एक्ट कायम कर आरोपी को जेल भेजा गया।

## आबकारी विभाग ने लगातार कार्यवाही जारी

**गरियाबंद।** आबकारी विभाग गरियाबबंद द्वारा ग्राम सोहागपुर के जंगल में लावारिश स्तिथि में भारी मात्रा में शराब बनाने का समान महुआ लाहन लगभग 200 किलोग्राम 30.0 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब लावारिश स्तिथि में जप्त किया गया उसके अतिरिक्त उसी ग्राम के एक अन्य व्यक्ति के मकान में दबिश देकर 04 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण कायम किया गया है। इस प्रकार चुनाव के मद्देनजर चुनाव में शराब के प्रभाव को कम करने के लिए देवभोग क्षेत्र में भी लगातार कार्यवाही की जा रही है।पिछले 15-20 वर्षो से बिक रहे अवैध ताड़ी (छीद रस) बेचने वालो के खिलाफ34(1) डी के 07 प्रकरण कायम किए गय है। इससे ताड़ी बिक्री में भी कमी आई है।ओडीशा से लाने वाले पाउच व अंग्रेजी शराब के विरुद्ध लगातार बॉर्डर में नाका लगाया जा रहा है और बेचने वालो के मकान में दबिश दी जा रही है जिससे अवैध शराब बिक्री में भी कमी आई है।

## गुडनाइट सर्वेक्षण में हुआ खुलासा – मच्छरों के कारण होने वाली नींद की गड़बड़ी से भारत की आधी से अधिक उत्पादकता पर बुरा असर

**मुंबई-** देश की आधे से अधिक (58 प्रतिशत) उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है, क्योंकि मच्छरों के कारण नींद में खलल पड़ने के कारण लोग तनावग्रस्त/थका हुआ महसूस करते हैं। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के भारत के अग्रणी घरेलू कीटनाशक ब्रांड गुडनाइट द्वारा जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से महत्वपूर्ण रहस्य सामने आया है। 'वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स' टाइटल के साथ यह देशव्यापी सर्वे गुडनाइट द्वारा शुरू किया गया था, और बाजार अनुसंधान फर्म ल्वनळवअ द्वारा आयोजित किया गया था। यह सर्वे जनता के रुख की जांच करता है, और मच्छर जनित बीमारियों के खतरों का आकलन करता है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में भारत के चार क्षेत्रों - उत्तर (मध्य क्षेत्र के राज्यों सहित), दक्षिण, पश्चिम और पूर्व के उत्तरदाताओं को शामिल किया गया। गुडनाइट रिपोर्ट के अनुसार 62 प्रतिशत पुरुषों और 53 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि मच्छरों के कारण नींद में खलल की वजह से उनकी उत्पादकता प्रभावित हो रही है। यह विशेष रूप से भारत के हालिया आर्थिक उछाल के संदर्भ में चिंताजनक है, जहां एक स्वस्थ कार्यबल को सर्वोपरि माना जाता है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार, अकेले मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से भारत का आर्थिक बोझ लगभग 16000 करोड़ रुपए है। विभिन्न अनुमानों के अनुसार, लगभग 75 प्रतिशत आर्थिक बोझ भारतीयों की कमाई के नुकसान और शेष उपचार खर्चों के कारण पड़ता है।

भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार, पश्चिम क्षेत्र जिसमें महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं, सबसे अधिक प्रभावित हुआ, इस क्षेत्र के 67त्न लोगों को लगता है कि मच्छरों के कारण नींद में खलल के कारण उनकी उत्पादकता प्रभावित हो रही है। तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक जैसे राज्यों वाला दक्षिणी भारत 57त्न लोगों के साथ दूसरे स्थान पर है, इसके बाद उत्तरी भारत (पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश) 56त्न और पूर्वी क्षेत्र (उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम) 49त्न पर। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर - इंडिया, अश्विन मूर्ति कहते हैं, ''गुडनाइट की 'वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स' टाइटल वाली राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण रिपोर्ट दरअसल जनता के रवैये पर प्रकाश डालती है और मच्छर जनित बीमारियों से जुड़े जोखिमों का मूल्यांकन करती है। ऐसी पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भारत में मच्छरों की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना, परिवारों को कार्रवाई करने में सक्षम बनाना और देश को किफायती लेकिन नवीन समाधान प्रदान करना है।

## फिजिकल दक्षता प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम रहे

**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** आराधना रूरल हेल्पेज फाउंडेशन एवं मार्गदर्शन फिजिकल एकेडमी सारंगढ़ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा सारंगढ़ के खेल मैदान में 28.04.2024 को संपन्न हुआ छत्तीसगढ़ के सभी जिले से आए हुए प्रतिभागी अपने-अपने साहस का परिचय दिया। दिनांक 27.04.2024 को बाहर से आए हुए प्रतिभागियों को आराधना फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क भोजन प्रदान किया गया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान मस्तूरी के भूपेंद्र कैवर्त ने प्राप्त किया जिसे श्री श्याम जांगड़े सामाजिक कार्यकर्ता सारंगढ़ द्वारा 15500 रुपए का नगद पुरस्कार के साथ शील्ड, प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान सरसीवा के धनेश्वर यादव ने प्राप्त किया जिसे श्री सम्मान जांगड़े शिक्षक द्वारा 10500 रुपए का नगद पुरस्कार शील्ड, प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया गया। तृतीय स्थान पर बरमकेला के दुर्योधन यादव ने प्राप्त किया और 12 विजेता प्रतिभागियों को 1100-1100 रुपए का पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं मैडल से गिरीश कुमार जोल्हे,



मनहर कंप्यूटर, अंकित किराना स्टोर्स आदि सहयोगीयों के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान मधुवा के सोनावती ने प्राप्त किया जिसे विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े द्वारा 15500 रुपए का नगद पुरस्कार सील्ड, प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान कबीरधाम के रामकली ने प्राप्त किया जिसे श्रीमती सोनी अजय बंजारे द्वारा 10500 रुपए कनागत पुरस्कार सील्ड, प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया गया। तृतीय स्थान सूरजपुर के अंजू सिंह ने प्राप्त किया तथा 12 और प्रतिभागियों को 1100-1100 रुपए के साथ प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एकेडमी के संचालक इन्द्रजीत मनहर, फिजिकल कोच वीरेंद्र कुमार, प्रेम पटेल, आलोक कुमार, प्रहलाद कैवर्त, राकेश दिवाकर, ठेठवार सर, मोहन लाल कैवर्त, साहू मैडम, प्रहलाद सोनी, रवीना जांगड़े, मनीष जायसवाल, अनिल सिदार, रोशन अजय, सभी वैलिंटियर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान शत प्रतिशत मतदाता जागरूकता अभियान शपथ समारोह का आयोजन भी किया गया जिसमें आए हुए सभी प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। राज्य भर से आए हुए सभी प्रतिभागियों को आराधना फाउंडेशन एवं मार्गदर्शन फिजिकल अकादमी के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## गंजपारा और म्युनिस्पल में प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल आरंभ हो – क्रिष्टोफर पॉल

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शासन द्वारा राज्य के किसी भी विद्यालय में हिंदी माध्यम की शिक्षा को बंद करने का कभी कोई आदेश नहीं दिया गया। बावजूद इसके शहर में दो स्थानों पर हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल बंद कर दिए गए, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंटस एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को पत्र लिखकर इन दोनों स्थानों पर अविलंभ हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल आरंभ करने का आग्रह किया है। गंजपारा में वर्ष 2018 को इग्नाईट योजना अंतर्गत हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल बंद कर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल आरंभ किया गया, जबकि शासन स्तर पर यहां हिन्दी माध्यम स्कूल बंद करने का कभी कोई आदेश नहीं दिया गया था। बावजूद इसके यहां हिन्दी माध्यम स्कूल बंद कर दिया गया, जबकि शासन स्तर पर यहां हिन्दी माध्यम



स्कूल निरंतर संचालित करने का आदेश दिया गया है, वैसे ही वर्ष 2020 में म्युनिस्पल स्कूल में संचालित प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल को बंद कर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किया जा रहा, जबकि यहां पर भी पूर्व से संचालित हिन्दी माध्यम प्राथमिक स्कूल को बंद करने को शासन स्तर पर कोई आदेश नहीं दिया गया। बावजूद इसके यहां पर भी हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल को बंद कर दिया गया। श्री पॉल ने बताया कि गंजपारा और म्युनिस्पल स्कूल में हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल बंद करने को कोई आदेश शासन ने कभी नहीं दिया। बावजूद इसके इन दोनो स्थानों पर प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल बंद कर दिया गया, जो शासन के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है, इतना ही नहीं माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी इन स्थानों में हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित करते रहने का आदेश दिनांक 6 जुलाई 2023 को दिया है। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन स्थानों पर दो पालियों में भी शाला संचालित किया जा सकता है, लेकिन हिन्दी माध्यम की शिक्षा को बंद नहीं किया जावेगा और न ही भविष्य में इसे बंद करने की कोई योजना है। श्री पॉल का कहना है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने प्रायवेट स्कूलों को अनुचित लाभ दिलाने इन दोनों स्थानों पर पूर्व से संचालित हिन्दी माध्यम के प्राथमिक स्कूल को बंद कर दिया गया, जिसे पुन: आरंभ करने की मांग की गई है।

## जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार सिन्हा ने उप जेल सारंगढ़ का किया भ्रमण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा ने कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रीमती पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के साथ उप जेल सारंगढ़ का भ्रमण किया। माननीय जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियो से मिलकर उनके मामलों के संबंध में पूछताछ की गई तथा विधिक साक्षरता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं नालसा द्वारा समय-समय पर पात्र बंदियों की रिहाई हेतु चलाये जा रहे अभियान के संबंध में



विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नही है उनकी ओर से पैनल अधिवक्ता मामले में पैरवी करेंगे तथा जमानत आदि की कार्यवाही करेंगे। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में है, उन्हे जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई। इस शिविर में कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रीमती पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़-बिलाईगढ़, श्रीमती अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, तथा उप जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

# प्राण घातक हमला करने वाले 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार

### आरोपियों का नगर में पहली बार निकाला गया जुलूस

**बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** बिलाईगढ़ नगर में पहली बार आरोपियों का जुलूस निकाला गया है। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आदर्श आचार संहिता में शांति व्यवस्था बनाए रखना जिले में घटित अपराधों की रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ,जिसके पालन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवकुमार धारी के नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा बलवा करने वाले 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर नगर में जुलूस निकाला गया और जेल भेजा गया थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने बताया की दिनांक 27.04.24 को प्रार्थी गजेंद्र देवांगन पिता राम नारायण देवांगन उम्र 23 वर्ष निवासी सिवनी चांपा जिला जांजगीर-चांपा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनाक 26/4 /24 को प्रार्थी अपने साथी के साथ बिलाईगढ़ शादी बाराती मे आए थे रात में खाना खाकर 12:30 बजे स्कॉर्पियो से





दोस्तों के साथ वापस जा रहे थे, आपस में एक दूसरे से बात कर हंसते जा रहे थे, तभी बिलाईगढ़ संगम चौक के पास विजय कुमार राकेश, दीपेश जायसवाल, मुकेश जायसवाल, दिनेश लहरे एवं 8-10 अन्य लोगों ने गाड़ी को रोककर मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए पत्थर डंडा बेल्ट से हत्या करने की नीयत से प्राण घातक हमला कर दिए जिससे प्रार्थी एवं उसके साथी के सिर पर गंभीर चोट आ गई। जिसके रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 341, 147, 148, 149, 294, 506 और 307 कायम कर विवेचना में लिया गया और आरोपी विजय कुमार राकेश पिता कीर्तन लाल उम्र 27, दीपेश जायसवाल पिता मथुरा जायसवाल उम्र 26 वर्ष, मुकेश जायसवाल पिता जायसवाल उम्र 30 वर्ष, दिनेश लहरे पिता प्रमोद लहरे उम्र 18 वर्ष, गोविंद राकेश पिता तेरस राम राकेश उम्र 26 वर्ष, अजय देवगन पिता श्याम शंकर उम्र 19 वर्ष, भागवत कुमार साहू पिता रविशंकर साहू उम्र 26 वर्ष, मधुसूदन दुबे वीजा शिवमंगल उम्र 19 वर्ष साकिन बिलाईगढ़ थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। संपूर्ण विवेचना कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवकुमार धारी, ,स्द्ब रजक,,ह्यद्ब मनहर,,ह्यद्ब राजपूत, प्र. आर. सहदेव चौहान, प्रधान आरक्षक उत्तरा सिदार, प्रधान आर.भवर लाल काटले, आर . शंकर कुर्रे, सुनील यादव, पंकज साहू, प्रत्येन बर्मन, दिलेश्वर भारद्वाज, अशोक प्रेमी का विशेष योगदान रहा।

**बदमाशो के ऊपर है स्थानीय नेताओं का हाथ-** बता दे की इतनी बड़ी घटना होने के बाद स्थानीय नेताओं के द्वारा बदमाशों को संरक्षण देने का काम किया जा रहा था। छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा और देश के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा देश को अपराधियों से मुक्त करने की बात कही जा रही है लेकिन बिलाईगढ़ में कई नेताओं के द्वारा इस प्रकार से हरकत करने वाले नेताओं को संरक्षण दिया जा रहा है निश्चित ही ऐसे ही संरक्षण मिलता रहे तो आने वाले समय में बिलाईगढ़ जो की शांत स्थान के नाम से जाने जाने वाला स्थान है। धीरे-धीरे अपराध के गढ़ के नाम से भी जाना जा सकता है।

## खबर-खास

### अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 7 वाहन जप्त

**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग जांजगीर चांपा के द्वारा जिले के बलौदा, जांजगीर,चांपा क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया। खनिज अधिकारी श्री हेमंत चेरपा ने बताया कि खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 06 प्रकरण, निम्न श्रेणी चूना पत्थर के 01 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 07 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।उक्त कार्यवाही में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी श्री पी डी जाड़े एवम टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### CDRI निभा रहा है मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए निवेश बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आज इंटरनेशनल कॉन्फेरेंस ऑन डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (ICDRI) की शुरुआत हुई। ICDRI, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (CDRI) का एक प्रमुख ईवेंट है। CDRI 2019 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। ष्ठष्टक्रढ्ढ में वर्तमान में 46 सदस्य हैं। इस साल आयोजित हो रहे ICDRI 2024 का विषय 'इनवेस्ट टुडे फॉर ए मोर रेजिलिएंट टुमॉरो'है। ICDRI एक दो दिवसीय ईवेंट है। इस कार्यक्रम में आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के विकास में मदद करने के लिए सरकारों, वैश्विक इंफ्रास्ट्रक्चर समुदाय, बहुपक्षीय विकास बैंकों, निजी क्षेत्र और मीडिया को एक साथ लाने का प्रयास किया जाएगा। वर्चुअल रूप से इस ईवेंट का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन के मौके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर डालते हुए कहा कि आपदाओं के कारण बुनियादी ढांचे को होने वाले नुकसान का आंकड़ा डॉलर में पेश किया जाता है, लेकिन वास्तव में इसका असर आम लोगों और समुदायों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री ने CDRI को 2019 के बाद से इसकी जबर्दस्त ग्रोथ और इसके कार्यक्रमों के लिए बधाई दी। CDRI 13 छोटे द्वीपीय विकासशील राज्यों सहित देश में मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने इस उम्मीद के साथ अपनी बात खत्म की कि 'साझा वैश्विक मजबूती' हासिल करने में ICDRI दुनिया भर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने प्रिवे लॉन्च किया – एक अनूठा प्रोग्राम जो बेमिसाल कवरेज और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करता है

**पुणे।** भारत की अग्रणी निजी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज प्रिवे को लॉन्च कर दिया। यह एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इक्स्पीरीयंस प्रोग्राम है जो बेजोड़ क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। परंपरागत रूप से, भारत में पिछले कुछ सालों में बीमा का विस्तार करने का प्रयास ज्यादातर टियर 2/टियर 3 स्थानों और ग्रामीण बाजारो में केंद्रित रहा है, जिसमें मुख्य रूप से मध्यम, उच्च मध्यम वर्ग और ग्रामीण ग्राहक शामिल हैं। उपरोक्त सभी ग्राहक खंडों (customer segments) में बीमा पैठ बढ़ाने पर अपने मजबूत फोकस के अलावा, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस अब ग्राहकों के एक विशेष क्लास को अपनी सेवाएं देगा, जिन्हें आमतौर पर बढ़ी हुई कवरेज सीमा के साथ बीमा सोल्युशंस की आवश्यकता होती है। ऐसे समझदार ग्राहकों की वित्तीय और लाइफस्टाइल से जुड़ी प्राथमिकताओं के अनुरूप उनकी जरूरतों और सुरक्षा को पहचानते हुए, प्रिवे ट्रडिशनल बीमा प्रोडक्टस से कहीं आगे निकल जाता है। प्रिवे का हिस्सा बनकर, ग्राहकों को उनकी विशिष्ट और प्राथमिकता वाली बीमा सेवाओं की एक रेंज मिल जाती है, जिससे उनकी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जाता है। प्रिवे का हिस्सा बनने के लिए, ग्राहकों के पास उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार स्वास्थ्य, घर, मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना और साइबर, बीमा जैसे उत्पादों की एक श्रृंखला से चयन करने की सुविधा है। इसके बीमा उत्पादों में वर्तमान में माई हेल्थ केयर प्लान शामिल है, जो एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के रूप में न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की बीमा राशि के साथ अनुकूलन योग्य (customizable) स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करता है। ग्लोबल हेल्थ केयर विदेशी चिकित्सा उपचार के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के नियोजित और आपातकालीन उपचार जैसे कवरेज प्रदान करता है। साथ ही इसके ग्राहक पात्रता के लिए बीमा राशि के किसी भी विकल्प को चुन सकते हैं। इसके अलावा, वी-पे ऐड-ऑन कवर के साथ एक मोटर प्रोडक्ट भी ऑफर किया जाएगा। इस ऐड-ऑन कवर ऑफर के तहत खंडित (fragmented) मोटर बीमा ऐड-ऑन की एक रेंज के फ़ायदों का भी समावेश है।

# जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व तेजी से करेंने कलेक्टर के निर्देश

### 1 हफ्ते के भीतर शत प्रतिशत कार्यों का करें भौतिक सत्यापन




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच नल जल कनेक्शन, पानी टंकी निर्माण,पाइपलाइन फिटिंग आदि कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एवं इंजीनियर से विकासखंड वार एक एक गांवों की जानकारी लेकर वहां चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गांव वार सभी कार्यों के डेडलाइन समय तय कर निर्धारित अवधि में कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल सुविधाओं से लाभान्वित करने प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करे।जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्व अधिकारियों को भी प्रगतिरत कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए। जिसमें कार्यों के प्रगति से संबंधित जानकारी फोटोग्राफ्स के साथ शेयर की जायेगी।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने एक सप्ताह के भीतर जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों का भौतिक सत्यापन फोटो के साथ प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।इस दौरान पीएचई के ईई पंकज जैन, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में कहा कि जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए कार्यों को पूर्ण कर ग्रामीणों को लाभान्वित करें।साथ ही मैदानी इलाकों के गांवों में भी सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करे। कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में प्रगति नहीं आने पर संबंधितों की जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने निर्माण ठेकेदार एजेंसियों की बैठक लेकर डेडलाइन अनुसार कार्यों को पूर्ण कराने तथा कार्यों में विलंब की स्थिति में संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए।

## कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनपदों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

### प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देश




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने अपूर्ण आवास, आंगनबाड़ी, गोदाम, मुक्तिधाम, प्रतीक्षालय, सामुदायिक शौचालय, नाडेप संरचना एवं मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की जनपद वार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम आवास के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेकर लंबित निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही लगातार फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिए।उन्होंने गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा दिलाने सभी गांवों में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र शेड निर्माण की जानकारी ली।साथ ही निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण कराते हुए सप्ताहवार इसकी समीक्षा भी करने के निर्देश सभी जनपदों के सीईओ को दिए।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव,सभी जनपद सीईओ, आरईएस के अधिकारीगण, पीओ,एपीओ, उप अभियंता, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## दुल्हे ने बारात जाने से पहले सीधे मतदान केंद्र पहुंचकर किया मतदान



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिले में लोकतंत्र का महापर्व उत्साह और उमंग के साथ 26 अप्रैल को मनाया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति लोगों का उत्साह मतदान केंद्रों में लंबी लंबी कतारों के रूप में देखा गया। इस महापर्व में बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता भी कहीं पीछे नहीं रहे। लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण में आज का मतदान वैवाहिक समारोह के बीच हुआ। इसलिए कई रोचक तस्वीरें भी सामने आई हैं। जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम ओडिया कला मतदान केंद्र में एक नवदंपत्ति मतदान कर सेल्फी ली, तो बोड़ला विकासखंड के ग्राम मड़मड़ा में एक दुल्हे ने बारात जाने से पहले सीधे मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। वहीं ग्राम कोयलारी में भी बारात से आकर तुरंत दुल्हे ने मतदान किया और कुछ देर बाद ही दुल्हन को मतदान कराने उसका मायका पड़ोसी गांव ले गया। कवर्धा के स्वामी करपात्री स्कूल में एक सोनी परिवार डीजे के साथ बारात लेकर मतदान करने पहुंचा। वहीं कैलाश नगर में एक शर्मा परिवार की चार पीढ़ी एक साथ मतदान करने पहुंचे। इस परिवार में सबसे बड़े बुजुर्ग व्यक्ति 85 वर्ष के बेटे, पोते और परपोता ने एक साथ मतदान किया। इसके साथ ही जिला मुख्यालय कवर्धा में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी आत्मानंद शासकीय हिन्दी माध्यम स्कूल में मतदान किया। वहीं सांसद एवं सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय ने अपने गृहग्राम सहसपुर लोहारा में मतदान किया।

## जीजा ने किया साले की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, कोतवाली पहुंच किया समर्पण



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर गांव में जीजा ने कुल्हाड़ी मारकर अपने साले की हत्या कर अपने आप को पुलिस के सामने समर्पण कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरी पानी निवासी सनत कुमार ध्रुव जो तावरबाहरा ग्राम में अपने जीजा बंशीलाल ध्रुव के घर कुछ महीनो से रह रहा था,उसी दौरान सोमवार के शाम छै बजे के लगभग जीजा बंशीलाल कुल्हाड़ी से सनत के ऊपर हमला कर दिया जिससे सनत की मौत हो गई।घटना के विषय में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बंशीलाल शाम छै बजे अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर रहा था,और अपनी पत्नी को मारने के लिए कुल्हाड़ी उठाया तभी उनके झगड़ा में बीच बचाव करने सनत बीच में आ गया जिससे बंशी लाल के द्वारा कुल्हाड़ी से सनत के गर्दन के नीचे वार किया जिससे मृतक सनत वही नजदीक बिछे पलंग में गिरा और उसकी मौत हो गई ।घटना के बाद आरोपी बंशीलाल स्वयं सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दिया।वही जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े,सहायक उप निरीक्षक टीकाराम अपने बल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आए और घटना की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिए।

## हत्यारिन पत्नी व कातिल पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, बहू को चार वर्ष की सश्रम कारावास

**कवर्धा (समय दर्शन)।** न्यायालय सत्र न्यायाधीश ने सत्यभामा कुकदूर थाना के अंतर्गत ग्राम मंझोली रवन निवासी बुधराम करचाम की हत्या करने वाले एक महिला सहित दो लोगों को विभिन्न धाराओं के तहत आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं एक अन्य महिला को 4 वर्ष की सश्रम कारावास व एक हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

मंगली से मंझोली रवन बाजार जाने वाली पक्की सड़क किनारे जामपानी तालाब के पास बुधराम करचाम को डंडा, हंसिया तथा गमछा से मारकर उसके शव को सहअभियुक्तों के साथ मिलकर सड़क किनारे फेंक दिया गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस तुरंत घटना स्थल पहुंची और शव का पंचनामा व नक्शा पंचायतनामा बनाकर पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदूर भेज दिया। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। लोक अभियोजक संतोष देवांगन ने बताया कि जहां दोनों पक्षों को सुनने व गवाहों तथा साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय ने मथुराबाई पति बुधराम करचाम 40 वर्ष और विजय कुमार करचाम पिता बुधराम करचाम 22 वर्ष को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 500 रुपए अर्थदंड, धारा 201 के तहत 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं जोनिहा मरावी उर्फ सोनिया करचाम पति विजय कुमार करचाम सभी निवासी ग्राम मंझोली रवन को धारा 302 के तहत दोषमुक्त कर दिया जबकि धारा 201 के तहत 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

## कवर्धा में इस परिवार के चार पीढ़ियों एक साथ मतदान करने मतदान केंद्र पहुचे



### परदादा से लेकर परपोते मनाया लोकतंत्र पर्व का उत्सव

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** कबीरधाम जिले के कवर्धा राम नगर निवासी, शर्मा परिवार जिसकी एक नहीं, दो नहीं, बल्कि चार पीढ़ियों ने लोकतंत्र की इस महापर्व को उत्सव के साथ मनाया। घर की सबसे बुजुर्ग 85 वर्षीय नरोत्तम राम शर्मा ने अपने परिवार को शुक्रवार को मतदान केंद्र तक पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परिवार के बच्चों को यही बताया कि सभी कामों को छोड़कर वो सबसे पहले वोट करें, क्योंकि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान बहुत जरूरी है। कोई भी काम इससे ज्यादा जरूरी नहीं हो सकता है। नरोत्तम राम शर्मा के साथ उनके बेटे उमेश शर्मा, पोते दीप शर्मा और परपोते नव्यदीप शर्मा सहित परिवार के सभी सदस्यों ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कवर्धा विधानसभा में कैलाश नगर स्थित बूथ क्रमांक 245 लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मताधिकार का उपयोग किया।

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने दिखाया अभूतपूर्व उत्साह

### सुबह 07 बजे से लंबी लाईन लगने लगी।




**कवर्धा ( समय दर्शन )।** लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदान दिवस 26 अप्रैल के दिन कबीरधाम जिले के कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी 804 मतदान केन्द्रों में लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदान के समय सुबह 7 बजे से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की प्रकिया शुरू हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोब और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने वनांचल सहित शहर एवं मैदानी क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुंच कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कबीरधाम जिले के कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत 402 मतदान केन्द्रों के मतदान प्रक्रिया और गतिविधियों की सीधी मॉनिटरिंग और निगरानी के लिए वेब कॉस्टिंग की गई। विधानसभा-71 पंडरिया के 197 एवं 72 कवर्धा के 205 मतदान केन्द्र वेब कांस्टिग की गई। शहरी क्षेत्र के 82 और ग्रामीण क्षेत्र के 320 मतदान केन्द्र में वेब कांस्टिग की गई। वहीं जिले के इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के 42 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। इनमें दोनों विधानसभा में 05-05 आदर्श मतदान केन्द्र, 10-10 मतदान केन्द्रों को महिला मतदान केन्द्र और 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 5-5 मतदान केन्द्र को युवा मतदान केन्द्र के रूप में विशेष रूप से साज-सज्जा कर तैयार किया गया था। इन सभी मतदान केन्द्रां के मतदाताओं में भी उत्साह और उमंग देखा गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के 804 मतदान केन्द्रों की मतदान का प्रतिशत हर दो घंटे में संकलित कर रिपोर्ट तैयार की जा रही थी। सुबह 7 बजे से मतदान प्रांरभ हुआ। 9 बजे तक जिले के दोनो विधानसभा में मतदान प्रतिशत 13-13 रहा। इसी प्रकार मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया और 11 बजे कवर्धा विधानसभा का प्रतिशत 23.44 और पंडरिया विधानसभा का 28.35 प्रतिशत रहा। दोपहर 1 बजे तक मतदान का प्रतिशत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र का 46.32 प्रतिशत और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का 45.78 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार दोपहर 3 बजे तक मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता गया और 3 बजे की स्थिति में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र का मतदान का प्रतिशत 59.84 और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 56.70 रहा। शाम 05 बजे तक जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान को लेकर उत्साह बना हुआ था। शाम पांच बजे की स्थिति में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 70.2 और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का 68.30 प्रतिशत रहा। खबर लिखे जाने तक मतदान के निर्धारित अंतिम समय 6 बजे के बाद भी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं की लंबी लाईन लगने की सूचना मिल रही थी।

# संविधान को बचाने का एकमात्र मौका है यह चुनाव- राहुल गांधी



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव के लिए राहुल गांधी ने आज बिलासपुर में बड़ी आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने हाथ में लाल रंग की संविधान की किताब पकड़ रखी थी, उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह चुनाव विशेष है। विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ वो ताकत है जो संविधान को एक किताब मानकर उसे बदलना चाहता है जबकि संविधान एक किताब नहीं गरीब का अधिकार संरक्षित करता है और देश के आम लोगों की हित की रक्षा करता है। जबकि भाजपा देश के प्रधानमंत्री केवल 20 – 25 लोगों के लाभ के लिए आपसे वोट लेकर काम करते हैं। सबसे अधिकार आपका जल, जंगल, जमीन सब आपसे लेकर कुछ खास लोगों को दे दिया जाता है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को, अपने प्रत्याशी देवेंद्र यादव को शेर बताया पूरे भाषण के दौरान वो संविधान के प्रति को दिखाते रहे और उन्होंने साफ शब्दों में कहा यदि यह नहीं बचा तो किसी का अधिकार नहीं बचेगा आरक्षण खत्म हो जाएगा। ठेकेदारी प्रथा चलेगी निजीकरण की आंधी में सर्वहारा वर्ग का सब कुछ उड़ जाएगा। इसलिए इस चुनाव में संविधान बचाने के लिए खड़े हो जाएं उन्होंने किसानों, युवाओं, महिलाओं के हित के लिए, अधिकार के लिए, कांग्रेस के घोषणा पत्र की बातें बताई। राहुल गांधी ने अपने पूरे भाषण को संविधान, आम आदमी के हित, अधिकार, लोकतंत्र और समाज के आधारभूत ढांचे पर केंद्रित रखा । इसके पहले आमसभा को देवेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। राहुल गांधी ने भाजपा के 400 की बात कही और कहां की देश की जनता ने भाजपा की नब्ज पकड़ ली है। और भाजपा 150 पार नहीं हो रही है। अल्पसंख्यक, आदिवासी, आम आदमी, संविधान के रक्षा के लिए वोट देगा। राहुल गांधी ने खुलकर बोला 22 लोगों को 16 लाख करोड रुपए दिया 25 साल का मनरेगा का बजट है। किसानों को एमएसपी नहीं दे सकते जो करते हैं केवल 22 लोगों के लिए करते हैं। बिलासपुर की आम जनता ने राहुल गांधी से आज वो सब सुना जिसे वह यूट्यूब पर सुनते आ रही थी। बिलासपुर जिले की सभी विधानसभा और मुंगेली जिले की दो विधानसभा से आम नागरिक आम सभा में उपस्थित थे। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित पूर्व विधायक थे।

## संक्षिप्त-खबर

### पाटन में फैली चाय की महक, भाजपा नगर अध्यक्ष होरी लाल देवांगन ने पिलाई चाय, चाय पे चली चुनावी चर्चा




**पाटन (समय दर्शन)।** नगर पंचायत पाटन में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जी को विजय दिलाने हेतु पाटन नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा चाय पे चर्चा करते हुए ऐतिहासिक जीत हेतु रणनीति तैयार किया गया। जिसमे मुख्य रूप से बाबा वर्मा कार्यालय प्रभारी,होरीलाल देवांगन अध्यक्ष नगर भाजपा पाटन,निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत पाटन,केवल देवांगन जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो जिला दुर्ग,अनिकेत मिश्रा महामंत्री भाजपा पाटन नगर, जागेश्वर देशलहरा उपाध्यक्ष भाजपा पाटन नगर, नितेश तिवारी बूथ अध्यक्ष, डागेश्वर वर्मा बूथ अध्यक्ष,अमित कुमार सोशल मीडिया प्रभारी भाजयुमो मध्य पाटन मंडल, मिलन देवांगन उपाध्यक्ष मध्य पाटन मंडल, वेद प्रकाश वर्मा उपाध्यक्ष मध्य पाटन मंडल ,मानसिंग चक्रधारी,पवन विश्कर्मा, जयप्रकाश देवांगन, सुरेंद्र वर्मा, गावस्कर देवांगन, जयप्रकाश देवांगन, सतीश विश्वकर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ग्राम पचपेड़ी मे कर्मा जयन्ती मनाई गई, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**पाटन (समय दर्शन)।** पाटन ब्लाक के झीठ परिक्षेत्र के स्थानीय इकाई पचपेड़ी में भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झीठ परिक्षेत्र के अध्यक्ष कल्याण सिंह साहू शामिल हुए ।अध्यक्षता झीठ परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष सुखदेव साहू ने की। विशेष अतिथि झीठ परिक्षेत्र के प्रचार सचिव डोमन लाल साहू, युगल किशोर साहू स्थानीय अध्यक्ष महुदा उपस्थित थे ।इस कार्यक्रम में स्थानीय साहु समाज के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष भुपेंद्र साहु, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती जोहतरीन बाई, सचिव हिलेश्वर साहू,शोभित साहू, ओमप्रकाश, रोशन साहू,प्रेमसिंह,धनेश साहू, रोहित साहू, पुनेश्वर साहू, अशोक साहू, हेमलता,श्यामा साहू,बिंदा साहू, राजकुमारी, दुर्गा साहू, ईश्वरी साहू सहित अन्य जन कर्मा जयंती में शामिल हुए।

### इंटर्नशिप से आत्मानंद स्कूल जामगांव आर के बच्चे सिख रहे हुनर




**पाटन (समय दर्शन)।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में संचालित वेबसाइट पाठ्यक्रम हेल्थ केयर एवं मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप कार्यक्रम आयुष्मान हॉस्पिटल जामगांव आर एवं द्रोणी कंप्यूटर सेंटर जामगांव आर में हुआ प्रत्येक विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रोत्साहन राशि 1300 रुपए उनके बैंक खातों में जमा किया गया यह राशि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा दिया गया 7 इस कार्यक्रम में हेल्थ केयर और मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कक्षा 11वी एवम 12वी के 118 विद्यार्थी शामिल हुए। इंटर्नशिप प्रमाण पत्र का वितरण आज दिनांक 29.4.2024 को विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई की उपस्थिति में आयुष्मान हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर इनके साहू द्रोणी कंप्यूटर सेंटर के संचालक दिनेश चंद्राकर के द्वारा किया गया इस अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षक एन. के. धीवर एवं गौरव कुमार मिथिलेश तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# मॉडर्न नहीं भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के परिचायक बने - गजेंद्र

■ भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों का विधायक गजेंद्र ने कराया दायित्व ग्रहण




**दुर्ग( समय दर्शन )।** भारत विकास परिषद के नवगठित पदाधिकारियों व सदस्यों का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित हुआ जहाँ बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे विधायक गजेंद्र यादव ने समाज और धर्म के बारे में प्रेरित करने वाला उदबोधन दिये। भारतीय संस्कृति और मान्यताओं का वर्णन करते हुए वर्तमान समय में शादी ब्याह और जन्मोत्सव में सामाजिक फूहड़ता को नियंत्रित करने विधायक गजेंद्र ने अपील किये। नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण में अध्यक्ष सीए सुरेश कोठारी, सचिव तुलसी सोनी और कोषाध्यक्ष सीए हर्ष जैन ने उपस्थितजनों के समक्ष दायित्व लिए। स्वास्थ्य, शिक्षा और वनाँचल क्षेत्रों भारतीयता के लिए कार्य करने वाली परिषद के दायित्व ग्रहण में विधायक गजेंद्र यादव ने घर परिवार के आयोजन व रस्मों में पंचतत्व की महत्ता की जानकारी देते हुए भारतीय संस्कृति के अग्नि ज्योति, योग और रहन सहन पर चर्चा करते हुए मॉर्डन के नाम पर बदलते हुए सामाजिक परिदृश्य पर चिंतन कर मॉडर्न नहीं भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के परिचायक बने आग्रह किये। इसके पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष सुधीर हिशीकर ने स्वागत भाषण में परिषद द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों को बताते हुए कहा बस्तर दूरस्थ अंचल के गांव के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किये शिक्षण सामग्री वितरित उनका हौसला बढ़ाये। हेल्थ केम्प लगाकर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाये। सुबोध पाण्डेय ने दायित्व लेने वाले परिषद के सभी सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए परिषद के पांच सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के बारे में जानकारी दिये। समारोह में बृजेश तिवारी, अंजली लाखोटिया, आशीष चंद्रा, ईश्वर राजपूत, विनायक नातू, अनिकेत यादव , डॉ.अजय गोवर्धन , अनिल डागा, रोशन साहू जी ,कविता छाबड़ा , संजीव दुग्गड उपस्थित रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडर फटने से गाँव मे मची अफरा तफरी



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिंघनपुर में शनिवार की रात गैस सिलेंडर फटने से वहां अफरा-तफरी मच गई। वहीं, सिलेंडर फटने से लगी आग की चपेट मे, घर में रखा 70 हजार रूपये नगद के साथ ही घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। मामले की सूचना पश्चात पुलिस व दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़िता सायली साहू पति स्व. शशिभूषण साहू 60 वर्ष ने बताया कि, शाम को लकड़ी में खाना बनाकर पड़ोस के घर घूमने चली गयी थी। इसी दौरान शाम के लगभग 7 से 8 बजे की बीच ब्लास्ट होने की आवाज आयी। घर के ऊपर आग के लपटे दिखाई दी। सिलेंडर ब्लास्ट होने से पूरे घर में आग लग गई। ब्लास्ट इतने जोर से हुआ कि छत के परखच्चे उड़ गये। घर में रखा एक 5 किलो की गैस टंकी और घर का सामान उड़कर बाहर जा गिरा। धमाके के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस व दमकल विभाग की गाड़ी ने आग बुझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे से ज्यादा मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। धमाके के बाद घर में लगी आग से 1 बकरी की भी मौत हो गयी। जबकि, 2 बकरियों को चोंटे आयी है। बताया गया कि ,माह भर पहले बंधन बैंक से निकाले 60 हजार रूपये, पेंशन राशि, महतारी बंदन की राशि सहित कुल 70 हजार रूपये के अलावा सारे कपड़े, राशन कार्ड, बैंक का पासबुक, कागजात सहित कूलर, पंखा, बर्तन आदि सामान जलकर राख हो गया।

# विकास के पहिए को निरंतर जारी रखने के लिए छत्तीसगढ़ में 11 के 11 कमल खिलने जरूरी- विधायक डॉ.सम्पत

■ विजय संकल्प रैली में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



**बसना ( समय दर्शन )।** जांजगीर-चांपा लोकसभा अंतर्गत अकलतरा विधानसभा के ग्राम पहरिया में बीजेपी की विजय संकल्प रैली आयोजित की गयी। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जुदेव,प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, सांसद गुहाराम अजगले, जांजगीर-चांपा लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े, लोकसभा प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण शामिल हुए। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने विपक्षीय गठबंधन पर निशाना साधते हुए इनसे बचने की बात कही. उन्होंने कहा कि विपक्ष का गठबंधन जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है. क्योंकि कांग्रेस ने दिल्ली में हाल ही में प्रेस वार्ता कर गरीबी खत्म करने की बात कही. जबकि दशकों पहले उनकी ही सरकार ने गरीबी खत्म करने का दावा किया था लेकिन बाद में लोगों को उनके हालात पर छोड़ दिया गया। अभी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के द्वारा एक लाख रुपए सालाना देने का झुठा वादा कर मातृ-शक्तियों नारीशक्तियों के विश्वास से खिलवाड़ करने की कोशिश भी की जा रही है। लेकिन मातृशक्ति आज पहले से ज्यादा जागरूक हो गई है। झूठ और सच को अच्छी तरह से जानती है। आज पूरे भारतवर्ष की मातृशक्ति नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित हो गई है।

**10 वर्षों की योजनाएं गिना मांगे वोट :** विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने भाजपा सरकार के 10 साल के जनकल्याणकारी योजनाओं व जनहित कार्यों व उपलब्धियां को विस्तार से बताते हुए जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े के लिए वोट मांगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में महिलाओं की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी तय हुई है। अयोध्या राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई।

**जनता की संपत्ति पर कांग्रेस की नजर :** विधायक ने कहा कि कांग्रेस की सोच गरीब को गरीब व कमजोर को कमजोर बनाए रखने वाली है। इस नीति से ही कांग्रेस शासन करती रही है, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को राहत देने का काम किया है और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने का काम किया है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। कांग्रेस ने देश पर 70 साल राज किया, लेकिन गरीबों की कभी चिंता नहीं की। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड देकर उन्हें इलाज की चिंता से मुक्त किया है। 80 करोड़ लोगों को 5 साल तक मुफ्त राशन का वायदा किया है। हर घर में नल से जल देने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ो मकान बनाकर गरीबों को देने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस के तुष्टिकरण वाले मेनिफेस्टो को भी देश के लिए घातक बताते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके ठगबंधन की नजर अब देश की जनता की संपत्ति पर है। भाजपा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया और इस अभियान से छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारतवर्ष में करोड़ों बेटियों को नया जीवनदान मिला। कांग्रेस के राज में केवल भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी हो सकती है बाकी किसी बात की कोई गारंटी नहीं है। देश की जनता अब इस बात को अच्छी प्रकार से समझने लगी है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन खाते खोलकर गरीब व्यक्ति को बैंक में जाने का अधिकार प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़कों का जाल बिछाने का काम किया। रेलवे और एयर की कनेक्टिविटी बेहतर करने का काम किया। देश में संस्कृति का संरक्षण करने का काम किया। जिसमें केदारनाथ का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकालेश्वर कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, राममंदिर का निर्माण शामिल हैं।

मुख्यमंत्री,उप मुख्यमंत्री समेत सभी नेताओं ने अपनी अपनी विचार रखते हुए लोगों से खुशहाल भविष्य के लिए जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े को जिताने की अपील की। रैली में बिलासपुर संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व सांसद कमलादेवी पाटले,पूर्व विधायक नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, पूर्व विधायक छतराम देवांगन, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू,विधानसभा संयोजक ओंकार सिंह, जिला उपाध्यक्षगण नंद चौधरी, ऊषा राठौर, जमुना रात्रे, जिला मंत्रीगण रमेश वैष्णव, अनुराधा शुक्ला, नगर पालिका परिषद अकलतरा अध्यक्ष शान्ति भारते, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महादेव नेताम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनी साहू, जिला प्रवक्ता सुमित प्रमाप सिंह, भाजपा नेता दिनेश सिंह, डॉ.ललित माखिजा समेत भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्तागण शामिल हुए।

# कन्या शाला बसना का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित



**बसना (समय दर्शन)।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना का स्थानीय परीक्षा परिणाम सत्र 2023-24 आज संस्था प्राचार्य एन के पंडा द्वारा घोषित किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं में प्रथम-कुमारी पूर्णिमा यादव, द्वितीय- कुमारी छाया राजपूत, तृतीय-कुमारी संतोषी साव, कक्षा सातवीं में प्रथम- कुमारी देवप्रिया सामल, द्वितीय- कुमारी दिशा सामल, तृतीय- कुमारी श्रुति सामल, कक्षा आठवीं में प्रथम- कुमारी मोनिका दास, द्वितीय- कुमारी शाहिना परवीन, तृतीय- कुमारी आरती भोई, कक्षा नवमीं में प्रथम- कुमारी जागृति, द्वितीय- कुमारी सिद्धि निषाद, तृतीय- कुमारी दीपांजलि पटेल, कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम- कुमारी अलका पटेल (विज्ञान संकाय) , द्वितीय- कुमारी रुखसार परवीन(वाणिज्य संकाय) , तृतीय- कुमारी उषा साव( वाणिज्य संकाय)। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य एन के पंडा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एवं असफल विद्यार्थियों को निराश न होकर भविष्य में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उक्त जानकारी स्थानीय परीक्षा प्रभारी एच के पटेल एवं शिक्षक विवेकानंद दास ने दी।

# इस चुनाव में तो केवल कांग्रेस की घोषणा पत्र की ही चर्चा - देवेंद्र यादव



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** बिलासपुर लोकसभा सीट से इस बार कांग्रेस ने देवेंद्र यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है। हमने सुबह जब 8:00 बजे जब उनसे बातचीत की तब आज के दिन का प्रचार का एक राउंड वे कर चुके थे। चुनाव प्रचार का 10 से अधिक दिन हो चुका है। देवेंद्र यादव के चेहरे पर थकान नजर नहीं आती, आज ही के दिन तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में राहुल गांधी की जनसभा है और देवेंद्र यादव इस जनसभा को लेकर काफी उत्साहित नजर आते हैं। नागरिकों से जुड़ने की ललक देवेंद्र को अन्य खाटी नेताओं से अलग करती है। उनके व्यवहार से ऐसा नहीं लगता कि वह लगातार दो बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। बिलासपुर में रेलवे, एसईसीएल, एनटीपीसी होने के बावजूद क्षेत्र में अधोसंरचना का काम नहीं हुआ का कारण वे यही बताते हैं कि लीडरशिप का जनता से सीधा संबंध नहीं है। बिलासपुर क्षेत्र ने जो भी पाया उसके पीछे नागरिकों का संघर्ष रहा अब ऐसा नहीं होगा मेरे जितने के बाद क्षेत्र की आवाज मैं बनेगा.देश का सबसे कमाऊ रेल जोन और इसका मुख्यालय बिलासपुर में रेल की पिछले 3 साल से स्थिति पर उन्होंने कहा पिछले 10 साल में भारतीय रेल का मतलब परिवहन मात्र हो गया है। यात्री उनकी प्राथमिकता से हट गए, यात्री ट्रेनों में भी केवल वंदे भारत के परिचालन को ही ड्रीम प्रोजेक्ट मान लिया गया है। आम नागरिकों की जेब में जो पैसा है उसे स्तर की ट्रेन कैसे चल रही है उसमें कितनी जगह है एसी को छोड़ सामान्य स्लीपर की स्थिति क्या है। रेलवे की विषय वस्तु ही नहीं है। बीआरयूसीसी, जेढआरयूसीसी की कमेटी में उसके बैठकों में जनप्रतिनिधि जो कहता है। उसे ध्यान नहीं दिया जाता। इस बात का चुनाव क्या एक चेहरे पर केंद्रित है या जनता ने उसे अपने तरीके से विकेंद्रीकृत किया है के प्रश्न पर उन्होंने कहा 2014, 2019 के समान यह चुनाव शुरू तो ऐसे ही हुआ था उनका पूरा ध्यान केवल अपने ऊपर था। जनता के मुद्दे गौण थे पर शीघ्र ही जनता ने अपने मुद्दे बड़े बना लिए और अब बेरोजगारी, महंगाई, संविधान, इलेक्टोरल बॉन्ड और हर लोकसभा अपने स्थानीय मुद्दे प्रचार का केंद्र बन रहे हैं। राहुल गांधी की आज की सभा को आप किस तरह देखते हैं के प्रश्न का देवेंद्र यादव का कहना है राहुल गांधी जननायक है। उन्होंने पूरे भारत पर जिस तरह दौरा किया देश के किसी भी हिस्से में यहां भी आम जनता हिंसा के दायरे में हो, महिलाएं परेशान हो, या फिर पर्यावरण की क्षति हो रही हो राहुल जी आम जनता के साथ खड़े नजर आते हैं। सदन जब भी चल रही हो वह मुद्दों पर बोलते हैं। जब माइक बंद होने लगा तो उन्होंने स्वयं को जनता के बीच सड़क पर खड़ा कर लिया। ऐसे व्यक्ति उनके चुनाव प्रचार के लिए आम सभा करें तो खुशी तो मिलता ही है। बिलासपुर की जनता के लिए आज मौका है कि देश-प्रदेश के बारे में वह क्या सोचते हैं सुन प्रदेश में अभी कुछ ही दिन पूर्व एक जनादेश आया जनता कुछ नया जवाब देगी। ऐसा क्यों उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव के परिणाम अलग बात थी परिणाम के बाद प्रदेश में किसी भी एक मंत्रालय की उपलब्धि बताएं जनता इस बार अलग तरीके से सोच कर कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मतदान करेंगी।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24